





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026







- वर्ष 2026-27 के लिए जारी हुई आबकारी नीति
- शराब की बोतलें हो सकेंगी रीसाइकिल

# 1 अप्रैल से फाइबर की फूड ग्रेड बोतल में मिलेगी शराब, आकार तय, पिछले साल से जाम 35 नई दुकानों के शटर भी खोले जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पीने- पिलाने के शौकीनों को अप्रैल से देशी और अंग्रेजी शराब फूड ग्रेड की फाइबर की बोतलों में उपलब्ध होगी। राज्य सरकार की वर्ष 2026-27 के लिए बनाई गई शराब नीति के तहत इस बदलाव को मंजूरी दी गई है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### रीसाइकिल हो सकेंगी खाली बोतलें

राज्य में शराब पीने वालों के हाथ में फाइबर की जो बोतल, अद्धी या पौवा आएगा, वह उपयोग होने के बाद बेकार फेंकने में नहीं जाएंगी। ये शीशियां रीसाइकल हो सकेंगी। खास बात ये है कि देशी मदिरा की आपूर्ति केवल फूड ग्रेड (आरपीटी- फूड ग्रेड रीसाइकिलेबल पॉलीथ्लेन) में ही की जाएगी। नीति में कहा गया है कि इस बोतल ▶▶| शेष पेज 7 पर



### पिछले साल नहीं खुल पाई 35 दुकानें इस बार खुल सकती हैं

पिछले साल की नीति में प्रदेश में मदिरा दुकान विहीन एवं उपयोजना क्षेत्रों तथा अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध मदिरा विक्रय पर नियंत्रण के उद्देश्य से 67 नवीन मदिरा दुकानें संचालित किये जाने की अनुमति दी गई थी। इन 67 नवीन मदिरा दुकानों में से वर्तमान में खोले जाने हेतु शेष 35 नवीन मदिरा दुकानों को ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जरूरत के हिसाब से खुलेंगी प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानें

*वर्ष 2026-27 के लिए मंत्रिपरिषद के निर्णय 21 जनवरी 2026 द्वारा आवश्यकतानुसार पृथक से प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानें संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। इस संबंध में जिलों के कलेक्टर द्वारा नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान संबंधी प्रस्ताव आवश्यक जांच के बाद आबकारी आयुक्त* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### देशी की बोतल अंडाकार या बेलनाकार होंगी

*देशी शराब की बिक्री आरपीइटी बोतलों में 750 एमएल, 375 एमएल एवं 180 एमएल की मात्रा में की जाएगी। बोतलों का आकार अण्डाकार (ओवल) या बेलनाकार (सिलेंडेरियल) होगा और बोतलों पर छ.ग.दे.म.उत्कीर्ण किया जाना अनिवार्य होगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में मदिरा की समस्त बोतलों पर एक्साइज एडेसिव लेवल (ईएएल) चस्पा किया जाकर प्रदाय किया जाना अनिवार्य होगा।विदेशी शराब कांच या फाइबर की हो सकती है*

*वर्ष 2026-27 अप्रैल से विदेशी मदिरा की न्यूनतम ड्यूटी स्लैब की मदिरा का प्रदाय केवल* ▶▶| शेष पेज 7 पर

---

*मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक धान के बोनस पर हुआ महत्वपूर्ण फैसला*

# होली के पहले किसानों की दिवाली खाते में आएंगे 10 हजार करोड़

*किसानों के हाथ आएगी कुल रकम 35 हजार करोड़*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को होली के पहले बोनस की राशि अदा की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार यहां मंत्रालय महानदी भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। मंत्रिपरिषद ने राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पहले एकमुश्त भुगतान किए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत ▶▶| शेष पेज 7 पर

### अन्नदाता भाइयों-बहनों की मुस्कान ही मेरी सबसे बड़ी पूंजी : मुख्यमंत्री साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश के अन्नदाता भाइयों-बहनों की मुस्कान ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है।सरकार केवल धान की खरीदी नहीं करती, बल्कि किसानों के परिश्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करना और उनके सम्मान की रक्षा करना अपना दायित्व मानती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ ही उत्सव का उल्लास बढ़ेगा।

### कृषक उन्नति योजना के लिए प्रावधान

*यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से की जा रही है, जो देश में सर्वाधिक है। बीते दो वर्षों में कृषक उन्नति योजना* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### बजट प्रारूप का अनुमोदन

*मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा के अष्टम सत्र फरवरी-मार्च, 2026 के लिए राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही मंत्रिपरिषद द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2026-27 का विधानसभा में उपस्थापन* ▶▶| शेष पेज 7 पर

---

## अमेरिका से ट्रेड डील पर संसद में सियासी बवाल

# राहुल ने कहा- 'भारत माता' को बेच दिया निर्मला बोलीं- हमने नहीं, कांग्रेस ने बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील कर भारत के भविष्य को दांव पर लगा दिया गया है। उनका कहना था कि मौजूदा सरकार ने "भारत माता" को बेच दिया है। इसके जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा- कांग्रेसी कहते हैं कि मोदी ने सरेंडर कर दिया। मैं बताती हूं कि भारत को किसने बेचा। इसे कांग्रेस ने बेचा। बाली में जाकर सौदा करके आए थे। इधर, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा, आज तक कोई ऐसा माई का लाल पैदा नहीं हुआ जो देश को बेच सके या खरीद सके।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने पूरी तरह समर्पण कर दिया है और 'उसे शर्म आनी चाहिए कि उसने भारत माता को बेच दिया है। उन्होंने केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी इस तरह का समझौता करने को विवश हुए क्योंकि अमेरिका ने उनकी 'गर्दन पकड़ रखी है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सत्तापक्ष के सदस्यों की टोका-टाकी के बीच यह भी कहा कि भारत-अमेरिका समझौते में देश के किसानों के हितों को कुचल दिया गया, जैसा आज से पहले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया और आगे भी कोई नहीं करेगा। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राहुल ने लगाई आरोपों की झड़ी

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, आप इस सदन में आकर इसका बचाव कैसे कर सकते हैं? जो कुछ आप सौंप रहे हैं, उस पर आपको शर्म नहीं आती? उन्होंने आरोप लगाया, आपने (सरकार) भारत को बेच दिया है। क्या आपको भारत को बेचने पर शर्म नहीं आती? आपने हमारी भारत माता को बेच दिया है। आप जानते हैं उन्होंने भारत को क्यों बेचा? क्योंकि उन्होंने (अमेरिका ने) उनकी गर्दन पकड़ रखी है...हम प्रधानमंत्री की आंखों में डर साफ़ देख सकते हैं।

### राहुल के आरोप पर भड़की केंद्रीय मंत्री सीतारमण




### रिजिजू ने कहा- आरोप तथ्यहीन

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू लोकसभा में उस समय भड़क जब नेता विपक्ष राहुल गांधी ने ट्रेड डील पर कहा कि सरकार ने देश को अमेरिका के हाथों बेच दिया। राहुल गांधी के इस बयान पर किरण रिजिजू ने कहा कि आज तक कोई माई का लाल पैदा नहीं हुआ जो भारत को खरीद सके। राहुल गांधी से केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आपने जो भी आरोप लगाए हैं, आपको उन्हें प्रमाणित करना होगा।

### विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव की तैयारी

*केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, हम सदन को गुमराह करने और निराधार बयान देने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस दाखिल करने जा रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही और प्रक्रिया के स्पष्ट नियम हैं। जब कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे नोटिस देना होता है और आरोप को प्रमाणित भी करना होता है।*

### बाली में कांग्रेस ने किया था समझौता



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पर लोकसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि 2013 में (इंडोनेशिया के) बाली में आयोजित विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कांग्रेस समझौता करके आई थी। उन्होंने दावा किया, इस समझौते के कारण 2017 से भारत में किसान से कोई खरीद नहीं हो सकती थी। हम राशन की दुकान से गरीबों को कुछ नहीं दे सकते थे। सीतारमण ने कहा कि इस समझौते के कारण देश में 2017 से पीडीएस की सामग्री का वितरण नहीं हो सकता था।

---

## खबर संक्षेप

### बैंक यूनियनों ने आज भारत बंद का किया ऐलान

**नई दिल्ली।** बैंक यूनियनों ने 12 फरवरी 2026 को हड़ताल का ऐलान किया है। हालांकि इस दिन रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से छुट्टी का ऐलान नहीं किया गया है। इस हड़ताल में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा समेत कई बैंक शामिल हो रहे हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बीएसई से कहा है कि उसके यहां हड़ताल की वजह से कामकाज प्रभावित हो सकता है। काउंटर से जुड़े काम जैसे कैश लेन-देन और चेक क्लियरिंग में काफी देरी हो सकती है।

### गोवा में एसआईआर की वोटर लिस्ट पर मुहर

**पणजी।** निर्वाचन आयोग ने गोवा में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के बाद वोटर लिस्ट को मंजूर कर लिया है। इसके लिए क्वालीफाइंग डेट 1 जनवरी तय की गई थी। आयोग ने गोवा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मांग को सभी पहलुओं पर विचार करने के बाद स्वीकार कर लिया। संशोधित फाइनल वोटर लिस्ट 21 फरवरी को पब्लिश होगी। आयोग ने निर्देश दिया है कि सभी संबंधित पक्षों और राजनीतिक दलों को इसकी सूचना दी जाए।

---

*पूर्व तहसीलदार-नायब तहसीलदार को लिया रिमांड पर*

# भारत माला परियोजना के घोटालेबाज अफसर दबोचे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला मामले में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने बुधवार को घोटाला के दो अहम आरोपी अभनपुर के तत्कालीन तहसीलदार शशिकांत कुर्रे तथा गोबरा नवापारा के तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों आरोपियों की याचिका पहले ही खारिज कर दी है। शशिकांत तथा लखेश्वर प्रसाद को गिरफ्तार करने के बाद ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### यह है पूरा मामला

*भारत माला प्रोजेक्ट में जमीन अधिग्रहण मामले में 43 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। घोटाला में पांच लोकसेवक सहित 10 लोगों को आरोपी बनाया गया है। मामले की जांच ईओडब्लू, एसीबी के साथ ईडी कर रही है। घोटालेबाजों ने जमीन दलालों के साथ मिलकर जमीन को टुकड़ों में बांटकर एनएचएआई को 78 करोड़ का भुगतान दिखाया। मामले में एसडीएम, पटवारी और भू-माफिया के सिंडिकेट ने बैक डेट पर दस्तावेज बनाकर घोटाले को अंजाम दिया। घोटाला सामने आने के बाद अभनपुर के तत्कालीन* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### भू-माफिया के साथ मिलकर घोटाला

जांच एजेंसी के आरोपों के मुताबिक रायपुर-विशाखापट्नम एवं दुर्ग-बायपास भारतमाला परियोजना सड़क निर्माण मामले में शशिकांत कुर्रे एवं लखेश्वर प्रसाद किरण ने अपने पद का दुरुपयोग कर आपराधिक षडयंत्र किया। दोनों अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ पटवारी, राजस्व निरीक्षक, भूमाफिया व अन्य के साथ मिलकर कूटरचित राजस्व अभिलेख दस्तावेज तैयार करवाकर प्रभावित भू-स्वामियों को वास्तविक मुआवजा से कई गुना अधिक मुआवजा राशि दिलवाकर शासन को करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाई।

---

*नक्सलियों से हुई थी मुठभेड़*

## आउट-ऑफ टर्न-प्रमोशन में भेदभाव, हाईकोर्ट में गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में हुए बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में साहसिक भूमिका निभाने वाले पुलिस जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने में भेदभाव करने का आरोप लगा है। इस आपरेशन में शामिल 3 जवानों को प्रमोशन का लाभ नहीं दिया गया। दायर याचिका की सुनवाई करते हुए ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 54 पुलिसकर्मियों को मिला प्रमोशन

याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि इस ऑपरेशन में कुल 187 पुलिसकर्मी शामिल थे, लेकिन शासन ने केवल 54 पुलिसकर्मियों को ही पुलिस विनियम 70(क) के तहत आउट ऑफ टर्न प्रमोशन का लाभ दिया।

---

*टिकरापारा आजाद चौक पुलिस की संयुक्त कार्रवाई*

## सूखा नशे के कारोबार में सिपाही भी, हेरोइन चिट्टे के साथ धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आरक्षक की आमानाका थाना में थी तैनाती

खाकी की आड़ में सूखा नशा का कारोबार करते आमानाका थाना में तैनात आरक्षक हिमांशु बर्मन को पुलिस ने हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक ग्राम के करीब चिट्टा जब्त किया है। बताया जा रहा है आरक्षक किसी ग्राहक को हेरोइन देने जा रहा था। इस ▶▶| शेष पेज 7 पर



### जानकारी जुटा रही पुलिस

हिमांशु किस नेटवर्क से जुड़कर ड्रग का अवैध कारोबार कर रहा था, पुलिस इस संबंध में हिमांशु को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। एडीसीपी रायपुर वेस्ट राहुल देव शर्मा के अनुसार हिमांशु के ड्रग ▶▶| शेष पेज 7 पर

### आमानाका में तैनाती के बाद जुड़ा नेटवर्क से

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हिमांशु की पूर्व में पुलिस लाइन में तैनाती थी। लाइन से उसकी तैनाती आमानाका थाना में की गई। आमानाका थाना में तैनाती के बाद हिमांशु का ड्रग पैडलरों के साथ मेल जोल बढ़ गया। ड्रग पैडलरों के संपर्क में आने के बाद पैसों के लालच में हिमांशु ड्रग खपाने का काम करने लगा। हिमांशु के पुलिसकर्मी होने की वजह से ड्रग पैडलर आसानी ▶▶| शेष पेज 7 पर


---

*पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बहुत बड़ा कबूलनामा*

# अमेरिका ने हमें टॉयलेट पेपर की तरह इस्तेमाल कर फेंक दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अमेरिका के साथ इस्लामाबाद के पुराने संबंधों को लेकर अब तक की सबसे सटीक और सही बात कबूल की। उन्होंने वाशिंगटन पर अपने रणनीतिक हितों के लिए पाकिस्तान का शोषण करने और फिर अपना मकसद पूरा होने के बाद उसे टॉयलेट पेपर के टुकड़े की तरह फेंक देने का आरोप लगाया है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में बोलते हुए आसिफ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान अक्सर अपने आतंकी इतिहास को नकारता है



और इसे अतीत के तानाशाहों की गलती बताया। पाकिस्तानी मंत्री ने दो अफगान युद्धों में इस्लामाबाद की भागीदारी को 'एक गलती' करार दिया और कहा कि पाकिस्तान में आज का आतंकवाद अतीत की गलतियों का ही नतीजा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने संसद में ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दो अफगान युद्धों में शामिल होना गलत

पाकिस्तान का दो अफगान युद्धों में शामिल होना गलत फैसला था। आज देश में जो आतंकवाद है, वह पहले की गलत नीतियों का नतीजा है। सैन्य शासकों- जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ ने अफगान युद्ध में हिस्सा इस्लाम के लिए नहीं, बल्कि एक महाशक्ति को खुश करने के लिए लिया था।

### सच मानना जरूरी

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अपनी गलतियों को स्वीकार नहीं करता, लेकिन अब सच मानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। आसिफ ने यह भी दावा किया कि इन युद्धों को सही ठहराने के लिए शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव किए गए।

### ट्रंप ने दोहराया दावा, हो सकता था परमाणु युद्ध



***न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।*** *अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यह दावा दोहराया कि उन्होंने पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव को शुल्क (टैरिफ) के जरिए रोक दिया था जो उनके अनुसार परमाणु युद्ध में बदल सकता था। ट्रंप ने कहा, मैंने आठ युद्ध रुकवाए।*



## खबर संक्षेप



### अस्पताल परिसर में युवक की मौत, शव हुआ गायब

**धमतरी।** जिला अस्पताल में तीन दिन से भर्ती बीमार युवक को परिजन बिना सूचना दिए घर ले रहे थे। इसी दौरान अस्पताल परिसर में ही गिरकर युवक की मौत हो गई। घटना के बाद युवक का शव कहां गया, इसका अस्पताल प्रबंधन को पता नहीं है। मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम सरईरूख निवासी रवि कुमार मण्डावी उम्र 34 वर्ष को पेट दर्द, खांसी व सांस लेने की तकलीफ के चलते रविवार को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। दो दिन पुरूष वार्ड में भर्ती रहने के बाद डाक्टर के कहने पर युवक को मंगलवार को आईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। जहां रात भर भर्ती रहने के बाद बुधवार की सुबह बीमार युवक का जीजा बिच्छूराम ग्राम हरदीभाठा नगरी निवासी वार्डन व अस्पताल प्रबंधन को बिना सूचना दिए व बगैर डिस्चार्ज के मरीज को घर ले जा रहा था उसी दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में सिविल सर्जन ने कहा कि घटना की जानकारी ली जा रही है।

### हाईकोर्ट जस्टिस के सुरक्षा घेरा को यात्री बस ने तोड़ा

**नांदघाट।** नारायणपुर के पास हाईकोर्ट जस्टिस के सुरक्षा घेरा को यात्री बस ने तोड़कर ओवरटेक कर लिया। सुरक्षाकर्मियों की सूचना पर पुलिस ने बस को पकड़कर एक घंटे थाने में खड़ा रखा। उसके बाद 5000 रुपए का चालान बनाकर छोड़ा दिया। जानकारी के अनुसार मिर्जापुर से तूफानी रफ्तार से भिलाई आ रही द्विवेदी ट्रैवल्स की लक्जरी बस एमपी 13 जेडएफ 8113 नेशनल हाईवे में नारायणपुर के पास हाईकोर्ट न्यायाधीश का सुरक्षा घेरा तोड़ कर कार्केट को ओवरटेक कर लिया। वीवीआईपी पायलेट के वाहनों की रफ्तार अक्सर 100 किमी/ घंटे के प्लस रहती हैं। इसका मतलब है कि निश्चित रूप से बस उससे उपर दौड़ रही थी। बस के ओवरटेक करने के बाद नाराज सुरक्षा कर्मियों ने नांदघाट थाने को सूचना दी। पुलिस बस रोककर थाने लाई और धारा 184 में 5000 रुपए का चालान काटा। एक घंटे तक बस थाने में रही, फिर अपने गंतव्य पर रवाना हुई।

### मध्यान्ह भोजन खाने के बाद 24 बच्चे हुए बीमार

**जगदलपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला अरंडवाल में मध्यान्ह भोजन खाने के बाद 24 बच्चों की तबीयत खराब हो गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री ने स्कूल का दौरा किया। जानकारी लेने पर पता चला कि मध्यान्ह भोजन में पत्ता गोभी की सब्जी खाने पर सभी बच्चों की तबीयत बिगड़ी थी। मध्यान्ह भोजन उपरांत सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल फाइलेरिया की गोली देने की सूचना शिक्षक सुनील मिंज और नीला राम बघेल ने दी।

# जीवित पिता को मृत बताकर एसईसीएल में कर रहा 28 साल से नौकरी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरचा कॉलरी

खास खबर

एसईसीएल चरचा क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के सहारे सरकारी नौकरी हासिल करने का एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि एक व्यक्ति ने अपने पिता के नाम से जुड़े दस्तावेजों में हेरफेर कर जीवित व्यक्ति को मृत दर्शाया और इसी आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर वर्ष 1998 से लगातार नौकरी करता रहा। मामले में अब पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की शिकायत विशुनपुर जुनापारा निवासी प्रेमलाल प्रजापति उम्र 50 वर्ष ने चरचा थाना में दर्ज कराई है। प्रेमलाल प्रजापति ने बताया कि उन्हें इस फर्जीवाड़े की जानकारी लगभग छह माह पूर्व हुई। इसके बाद उन्होंने अपने भाइयों रामनाथ एवं रामेश्वर से चर्चा कर संबंधित दस्तावेजों की जांच करवाई। सभी तथ्यों की पुष्टि होने पर उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई। चरचा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा एसईसीएल की अनुकंपा नियुक्ति फाइल, सेवा अभिलेख, वेतन भुगतान विवरण, मृत्यु प्रमाण-पत्र से जुड़े दस्तावेज सहित अन्य रिकॉर्ड की गहन जांच की जा रही है।

### एसईसीएल के सेवा अभिलेखों में हेरफेर की गई

शिकायतकर्ता के अनुसार उनके पिता दशरथ प्रजापति तीन भाइयों में सबसे बड़े हैं। उनके मंझले भाई रामकिशुन प्रजापति एवं सबसे छोटे भाई बाबूलाल प्रजापति की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। शिकायत में बताया गया है कि प्रेमलाल के चाचा रामकिशुन प्रजापति एसईसीएल चरचा क्षेत्र में दशरथ प्रजापति के नाम से नौकरी कर रहे थे। रामकिशुन की मृत्यु के बाद उनके पुत्र छोटेलाल ने कथित रूप से षड़यंत्र रचते हुए एसईसीएल के सेवा अभिलेखों में हेरफेर कर, अपने पिता रामकिशुन के स्थान पर शिकायतकर्ता के जीवित पिता दशरथ का नाम दर्ज करवा दिया और इसी फर्जी रिकॉर्ड के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त कर ली। जांच में सामने आया है कि भूमि रिकॉर्ड, पारिवारिक दस्तावेज एवं अन्य शासकीय अभिलेखों में छोटेलाल के पिता का नाम स्पष्ट रूप से रामकिशुन प्रजापति दर्ज है, जबकि एसईसीएल चरचा के सेवा रिकॉर्ड में दशरथ प्रजापति का नाम दर्शाया गया है। इस विरोधाभास से यह स्पष्ट होता है कि नौकरी पाने के लिए दस्तावेजों में गंभीर स्तर पर कूटरचना की गई।






नए वित्तीय वर्ष के बजट अनुमान को भी दी गई मंजूरी

# राज्यपाल के अभिभाषण से होगी बजट सत्र की शुरुआत, कैबिनेट ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य कैबिनेट ने राज्यपाल के अभिभाषण को अपनी मंजूरी दे दी है। 23 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण से सत्र की शुरुआत होगी। कैबिनेट ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का खाका अभिभाषण के माध्यम से पेश किया है। 20 मार्च तक चलने वाले सत्र में पहले दिन अभिभाषण के बाद सदन में धन्यवाद प्रस्ताव के माध्यम से इस पर दो दिन चर्चा की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने सत्र की तैयारियों को लेकर बजट के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। कैबिनेट द्वारा बजट अनुमान वर्ष 2026-27 का विधानसभा में पेश करने हेतु छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया है।



**विपक्ष इन मुद्दों पर घेरेगा**

विधानसभा में कांग्रेस बजट सत्र के दौरान धान खरीदी, कानून व्यवस्था और नई योजनाओं के क्रियान्वयन जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की पुरजोर कोशिश करेगी। धान खरीदी और उसके पूर्व पंजीयन को लेकर अपनाई गई प्रक्रिया, शहरों में बढ़ती आपराधिक घटनाएं, नशे का कारोबार, चौपाटी हटाने का मामला, जल जीवन मिशन, लोक निर्माण विभाग में घटिया सड़क निर्माण, सीएसआईडीसी और उद्योग विभाग में गड़बड़ी, स्वास्थ्य विभाग में अव्यवस्था, नगरीय निकाय विभाग में बिना अनुमति कार्य, खाद और बीज के मामले में गड़बड़ी, निर्वाचन में एसआईआर का मामला सहित अन्य मुद्दों को लेकर सदन में विपक्ष सरकार को घेरेगा।

### अब तक लगे 1673 सवाल

विधानसभा के बजट सत्र को लेकर विधायकों ने 10 दिनों में 1673 सवाल लगाए हैं। सत्र के एक सप्ताह पहले तक सवाल लगाने का क्रम जारी रहेगा। सत्र के दौरान पहले दिन को छोड़कर शेष दिन प्रश्नकाल होगा। सत्र के दौरान विपक्ष द्वारा प्रदेश के कई जनहित के मुद्दों पर स्थगन भी लाया जाएगा। सत्र के दौरान 27 फरवरी को नए वित्तीय वर्ष का बजट पेश किया जाएगा। वहीं, सत्ता पक्ष की ओर से प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य और वित्तीय प्रस्ताव सदन पटल पर रखे जाएंगे। वहीं सत्र में लाए जाने वाले विधेयकों पर भी चर्चा की गई।

# ट्राला की चपेट में आने से युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनगरा

गर्दन व कलाई की नस काटने से गंभीर युवक को उपचार के लिए अस्पताल लेकर जा रहे युवकों की बाइक तेज रफ्तार कोयला लोड ट्राला की चपेट में आ गई। सड़क दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठे युवक के सिर पर चक्का चढ़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दोनों अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करायाद्ध जहां गर्दन की नस कटने से गंभीर युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इधर इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मायापुर द्वितीय में चक्काजाम कर दिया। बताया जा रहा है कि मायापुर द्वितीय निवासी 26 वर्षीय गदे राम आ. गोरेलाल अपने मित्र 29 वर्षीय ननकू आ. मोहन को उपचार के लिए गांव के संतोष आ. सुरेन्द्र की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएम 1871 से सोनगरा अस्पताल लेकर जा रहे थे। इस दौरान बाइक पर बीच में गर्दन कटने से घायल युवक बैठा हुआ था।

■ गले की नस कटने से गंभीर युवक को लेकर जा रहे थे अस्पताल

### आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार और सड़क पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर दिया। हादसे व चक्का जाम की सूचना मिलने के बाद एसडीएम सहित अन्य ने समझाइश दी। चार घंटे बाद यातायात बहाल हुआ।

# जिला अध्यक्षों की हर तीन माह में समीक्षा परफार्मेंस पर ग्रीन, यलो और रेड कैटेगरी

**दिल्ली से लौटने के बाद बैज ने कहा- 31 मार्च से पहले बनेगी कार्यकारिणी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जिला कांग्रेस अध्यक्षों को अहम निर्देश दिए गए हैं। पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के कार्यों की अब हर तीन महीने में समीक्षा की जाएगी। उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें ग्रीन, यलो और रेड तीन कैटेगरी में बांटा जाएगा। दिल्ली दौरे से लौटने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इसकी जानकारी दी।



उन्होंने कहा, इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वालों के लिए पार्टी का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। जिन जिला अध्यक्षों का प्रदर्शन संतोषजनक रहेगा, उन्हें ग्रीन कैटेगरी में रखा जाएगा। औसत प्रदर्शन करने वालों को यलो कैटेगरी में रखा जाएगा, जबकि लगातार कमजोर प्रदर्शन करने वाले अध्यक्षों को रेड कैटेगरी में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, रेड कैटेगरी में आने वाले जिला अध्यक्षों को सुधार का अवसर दिया जाएगा। बावजूद इसके यदि उनके कामकाज में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ, तो उन्हें हटाया भी जा सकता है।

### इंदिरा भवन में प्रशिक्षण सत्र

मंगलवार को रायपुर स्थित इंदिरा भवन में नवनियुक्त जिला और शहर अध्यक्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के अलावा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, झारखंड, ओडिशा और तमिलनाडु के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस बैठक में आने वाले चुनाव को लेकर भी रणनीति चर्चा हुई। आगामी समय में 10 दिन का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी

बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और महासचिव केसी वेणुगोपाल उपस्थित रहे। नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि जिला अध्यक्ष संगठन की मजबूती की आधारशिला हैं, इसलिए उन्हें वैचारिक रूप से स्पष्ट और रणनीतिक रूप से सक्षम बनाना प्राथमिकता है। यह व्यवस्था संगठन को अधिक सक्रिय और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

### प्रदेश कार्यकारिणी का गठन 31 मार्च से पहले

कार्यकारिणी गठन को लेकर दीपक बैज ने कहा, 31 मार्च से पहले ब्लॉक, जिला और प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हो जाएगा। उन्होंने कहा, जिलाध्यक्षों को टास्क दिया जाएगा। कार्य के आधार पर मूल्यांकन होगा।

**शासन ने बताया, 30 करोड़ का जुर्माना लगाया गया**

# माइनिंग वेस्ट महानदी में फेंका 400 एकड़ जमीन हुई बंजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रायपुर से लगे आरंग क्षेत्र के ग्राम निसदा में अवैध उत्खनन के कारण करीब 400 एकड़ कृषि भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंच गई है। खनन के दौरान निकलने वाला माइनिंग वेस्ट और पत्थर सीधे महानदी में डंप किए जा रहे हैं। इससे नदी का प्रवाह प्रभावित हुआ है और आसपास के किसानों की जमीनें बंजर होती जा रही हैं। इस मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने लीज एरिया के बाहर हो रहे उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने खनिज विभाग के सचिव से एफिडेविट के साथ जवाब मांगा है। साथ ही लीजधारियों पर 30 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। मामले की अगली सुनवाई 26 फरवरी को तय की गई है।



दरअसल, आरंग के ग्राम निसदा के रहने वाले ओम प्रकाश सेन ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में बताया गया कि गांव में फ्लैग स्टोन और चूना पत्थर के उत्खनन के लिए 15 लोगों को लीज दी गई थी। लेकिन लीजधारकों ने स्वीकृत क्षेत्र से करीब पांच गुना अधिक जमीन पर कब्जा कर उत्खनन शुरू कर दिया। आरोप है कि खनन के दौरान निकलने वाला माइनिंग वेस्ट और पत्थर सीधे महानदी में डंप किए जा रहे हैं। इससे नदी का प्रवाह प्रभावित हो रहा है। और आसपास की लगभग 400 एकड़ कृषि भूमि बंजर होने की स्थिति में पहुंच गई है।

### सात लीजधारकों को दोषी पाया गया

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि तीन साल पहले पर्यावरणीय अनुमति समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद क्षेत्र में बेखौफ उत्खनन और धड़ल्ले से ब्लास्टिंग की जा रही है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से बताया गया कि कलेक्टर ने खनिज विभाग से जांच कराई थी। जांच में सात लीजधारकों को दोषी पाया गया। इसके बाद पर्यावरणीय अनुमति खत्म होने के बावजूद उत्खनन करने वाले सात दोषी लीजधारकों पर 30 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का नोटिस जारी किया गया है। हाईकोर्ट ने खनिज विभाग के सचिव को शपथ पत्र के माध्यम से यह बताने को कहा है कि वर्तमान में जांच की स्थिति क्या है। महानदी में माइनिंग वेस्ट और पत्थर फेंकने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया है कि अगर कोई लीजधारक इस कार्रवाई के खिलाफ अलग से याचिका दाखिल करता है, तो उसे भी इसी जनहित याचिका के साथ जोड़कर सुना जाएगा।




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



### निगरानी के लिए विशेष टीम




गांव में वार्ड स्तर पर निगरानी दल बनाए गए हैं। ये दल सुबह और शाम स्थिति पर नजर रखते हैं। ग्रामीण भी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए बच्चों को घर जाकर पढ़ाई करने की सलाह देते हैं। व्याख्याता चेतन देवांगन ने कहा कि हमने देखा कि कई विद्यार्थी देर रात तक बाहर रहते थे। पालकों की शिकायतें भी मिलती ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ग्राम प्रमुखों की राय



पूर्व उपसरपंच डॉ. विनेश्वर साहू ने कहा कि यह फैसला गांव की सामूहिक सोच का परिणाम है। बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। नरेंद्र टीकाराम और रामखिलावन, अलख सेन ने कहा कि नशा और अनुशासनहीनता पर रोक जरूरी थी। अब गांव में सकारात्मक ऊर्जा दिखाई दे ▶▶| शेष पेज 7 पर

### नियमों की मुख्य बातें







*शाम 6 बजे के बाद विद्यार्थियों का घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित, सार्वजनिक स्थानों पर बैठना या घूमना वर्जित, मोबाइल और टीवी के उपयोग पर नियंत्रण, हर अभिभावक बच्चे की पढ़ाई की निगरानी करेगा। गांव में नशाखोरी और गाली-गलौज पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर 5 हजार से 50 हजार रुपए तक जुर्माना, रात 8 बजे के बाद दुकानों के संचालन पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है।*

# गांव में शाम 6 के बाद स्टडी लॉकडाउन सड़कों पर दिखे छात्र तो पालकों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- बोर्ड परीक्षा और नशामुक्ति के लिए बिरेतरा के ग्रामीणों ने बनाया सख्त नियम


अलग खबर

धमतरी जिले का छोटा सा गांव बिरेतरा इन दिनों शिक्षा और सामाजिक अनुशासन को लेकर एक नई पहचान बना रहा है। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए गांव की आमसभा में ऐसा सामूहिक निर्णय लिया गया है, जिसके तहत शाम 6 बजे के बाद स्कूली विद्यार्थी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ग्रामसभा में बनी सर्वसम्मति

यह निर्णय पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूल प्रबंधन समिति, ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों की संयुक्त बैठक में लिया गया। बैठक में इस वर्ष 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम लाने का संकल्प लिया गया। लक्ष्य तय किया गया है कि 10वीं का परीक्षा परिणाम 80 ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विद्यार्थियों की प्रतिक्रिया



12वीं की छात्रा वीणा पटेल ने कहा कि अब घर में शांत वातावरण मिलता है। पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आसान हुआ है। लेखराज साहू ने कहा कि पहले समय यूं ही निकल जाता था, अब लक्ष्य स्पष्ट है। हिना सिन्हा 10वीं ने कहा ▶▶| शेष पेज 7 पर

**दिख रहा असर** ग्रामीणों के अनुसार कुछ ही दिनों में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। बच्चे नियमित रूप से स्कूल जा रहे हैं और पढ़ाई में रुचि बढ़ी है।




## स्कूलों में दशहत : पीएम मोदी ने कनाडा की घटना पर जताया दुख

# कनाडा के स्कूल में गोलीबारी, 10 की मौत थाईलैंड में छात्रों-शिक्षकों को बनाया बंधक

*दो देशों के स्कूलों में गोलीबारी की घटना ने दहशत पैदा कर दी। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक स्कूल में गोलीबारी की घटना में हमलावर सहित आठ लोगों की मौत हो गई तथा एक मकान में दो और लोग मृत पाए गए जिनका संबंध इस घटना से माना जा रहा है। पीएम मोदी ने घटना पर दुख जताया है। इधर, थाईलैंड में एक स्कूल पर अज्ञात बंदूकधारियों ने बुधवार शाम को हमला किया। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों को बंधक बना लिया है। यहां एक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।*


एजेंसी ▶▶| वैंकूवर

'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' (आरसीएमपी) ने बताया कि टंबलर रिज सेकेंडरी स्कूल में हुई गोलीबारी में 25 से अधिक लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। कनाडा में स्कूल में गोलीबारी की घटनाएं होना दुर्लभ हैं। लगभग 2,400 लोगों की आबादी वाला टंबलर रिज शहर वैंकूवर से 1,000 किलोमीटर उत्तर में अल्बर्टा की सीमा के पास स्थित है। प्रांतीय सरकार की वेबसाइट के अनुसार, टंबलर रिज सेकेंडरी स्कूल में सातवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के 175 छात्र पढ़ते हैं। आरसीएमपी के अधीक्षक केन फ्लॉयड ने पत्रकारों को बताया कि जांचकर्ताओं ने हमलावर की पहचान कर ली है, लेकिन उसका नाम जारी नहीं किया। ▶▶| शेष पेज 7 पर

**कनाडा के स्कूल में 25 लोग घायल, दो गंभीर**

### संदिग्ध महिला ने खुद को गोली से उड़ाया

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने बताया कि संदिग्ध एक महिला थी, जिसने स्कूल ड्रेस पहन रखी थी और उसके बाल भूरे थे। उसका शव स्कूल के अंदर मिला। पुलिस का मानना है कि उसने खुद को गोली मारी है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने जताई संवेदना



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कनाडा में हुई भयावह गोलीबारी की घटना से मैं बहुत व्यथित हूं।

### छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला

*हमलावर के अलावा छह और लोग स्कूल के अंदर मृत मिले। दो घायलों को गंभीर हालत में हेलीकॉप्टर से अस्पताल भेजा गया। एक अन्य व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। करीब 25 लोगों को हल्की चोटों के साथ स्थानीय मेडिकल सेंटर में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस अधिकारी केन फ्लॉयड ने बताया कि स्कूल से लगभग 100 छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गोलीबारी की वजह अभी साफ नहीं है।*

### बहन को सजा देने से नाराज युवक ने स्कूल पर की फायरिंग



**बैंकॉक।** थाईलैंड में एक स्कूल पर अज्ञात बंदूकधारियों ने बुधवार शाम को हमला किया। उन्होंने स्कूल में घुसकर शिक्षकों और छात्रों को बंधक बना लिया है। खबर है कि पुलिस के घटनास्थल को घेरने पर एक शिक्षक को गोली मार दी गई है। आरोपी अपनी बहन को सजा दिए जाने से नाराज था। घटना शाम करीब 4:45 बजे हाट याई के प्रथन खिरिवाट स्कूल में हुई।

## सरकार की नई गाइडलाइन

# वंदे मातरम अब 65 सेकंड का नहीं, पूरे 3 मिनट 10 सेकंड का देना होगा राष्ट्रगान जैसा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वंदे मातरम् की रचना को 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत के गायन और वादन के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय के अनुसार अब विशेष सरकारी कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के आधिकारिक छह अंतरों का गायन या वादन अनिवार्य होगा, जिसकी अवधि 3 मिनट 10 सेकंड तय की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि जब भी राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' एक साथ गाए या बजाए जाएं तो बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखे गए राष्ट्रगीत के सभी छह छंद पहले गाए जाएं। आदेश में मंत्रालय ने पहली बार राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के गायन को लेकर प्रोटोकॉल तय किए हैं जिसके तहत राष्ट्रपति के आगमन, तिरंगा फहराए जाने और राज्यपालों के भाषण जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के सभी छह छंद (कुल अवधि तीन मिनट 10 सेकंड) गाए जाएंगे। यह आदेश 28 जनवरी को जारी किया गया।



### इन कार्यक्रमों के दौरान होगा गायन

आदेश के अनुसार, राष्ट्रध्वज फहराने, सांस्कृतिक एवं औपचारिक कार्यक्रमों (परेड को छोड़कर), तथा किसी सरकारी या सार्वजनिक समारोह में राष्ट्रपति के आगमन जैसे अवसरों पर राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण सामूहिक गायन के साथ गाया या बजाया जाएगा। इसमें कहा गया है, ध्वनि की उचित व्यवस्था होनी चाहिए ताकि अलग-अलग स्थानों पर मौजूद लोग गायन मंडली के साथ एक सुर में गा सकें। जहां जरूरत हो, राष्ट्रगीत के आधिकारिक संस्करण के छपे बोल भी प्रतिभागियों में वितरित किए जा सकते हैं।

### सिनेमा-हॉल के लिए क्या है छूट?

- साथ ही, मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है।
- फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी
- क्योंकि मनोरंजन स्थलों में दर्शकों को खड़े होने के लिए मजबूर करने से देखने का अनुभव बाधित हो सकता है और संभावित रूप से दर्शकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है।
- इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रगान से संबंधित औपचारिक प्रोटोकॉल में लंबे समय से चली आ रही कमी को दूर करना है।

## खबर संक्षेप

### 10 लाख की रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के एक सहायक उप-निरीक्षक को प्रॉपर्टी विवाद को निपटाने के लिए 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि बाद में शाम को सीबीआई ने छापा मारा और आरोपी एएसआई को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

### मेफेड्रोन कारखाना उद्योगपति समेत दो गिरफ्तार

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पुलिस के नारकोटिक्स दस्ते ने अशोक नगर जिले के एक घर में मादक पदार्थ मेफेड्रोन बनाने के कारखाने का खुलासा करते हुए एक उद्योगपति और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। मेफेड्रोन को 'एमडी' और 'म्याऊं-म्याऊं' के नाम से भी जाना जाता है। यह मानव निर्मित रसायनों से बना नशीला पदार्थ है और बड़ी तादाद में युवा इसकी लत के शिकार हैं।


### कार-पुलिस वाहन की टक्कर, इंस्पेक्टर की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में बुधवार तड़के पुलिस वाहन और एक कार की टक्कर हो जाने से एक पुलिस निरीक्षक की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। यह हादसा तड़के करीब चार बजे शहर के दुर्गा मंदिर इलाके के पास हुआ।

# कागजों पर बच्चों की दर्ज संख्या दोगुना कर राशन खा गए, चार अधीक्षक सस्पेंड

## आवासीय विद्यालयों का मामला, जांच दल की रिपोर्ट में खुलासा के बाद कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

खास खबर

बीजापुर जिले के पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों में हुए वित्तीय अनियमितता और राशन घोटाले के मामले में 4 प्रभारी अधीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर बीजापुर की अनुशंसा के बाद संयुक्त संचालक शिक्षा ने चार प्रभारी अधीक्षकों को सस्पेंड करने का आदेश जारी किया है। इनमें आदित्य ठाकुर प्रभारी अधीक्षक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक आवासीय विद्यालय भटवाड़ा, लक्ष्मीनारायण ओढदल प्रभारी अधीक्षक, आवासीय विद्यालय सेण्ड्रापल्ली, पुष्पलता सोनी प्रभारी अधीक्षक, आवासीय विद्यालय संगमपल्ली तथा रघुनंदन मौर्य प्रभारी अधीक्षक, आवासीय विद्यालय भटवाड़ा शामिल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक जांच दल ने बीजापुर के विभिन्न पोटाकेबिनों में जाकर गड़बड़ी देखी। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हाजिरी रजिस्टर में फर्जीवाड़ा

भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए सरकारी दस्तावेजों के साथ खिलवाड़ किया गया। इसका प्रमाण स्कूलों के हाजिरी रजिस्टर में देखने को मिला। जांच टीम ने पाया कि बच्चों की उपस्थिति दर्ज करने वाले पन्नों पर बड़े पैमाने पर काट-छांट और हेरफेर किया गया था, ताकि वित्तीय गबन को जायज ठहराया जा सके।

### बिना मेस गणना चार्ट के फर्जीवाड़ा

नियमानुसार हर महीने बच्चों का मेस गणना चार्ट बनाना अनिवार्य है, लेकिन यहां शासन के सभी नियमों को ताक पर रखकर बिना किसी चार्ट के मेस शुल्क की वसूली की गई। यह न केवल वित्तीय अनियमितता है, बल्कि एक गंभीर आपराधिक कृत्य है। जहां रिकॉर्ड बदलकर बच्चों के हक पर डाका डाला गया।

## सर्राफा बाजार में हर दिन उथल-पुथल

# चांदी 4000 रुपए बढ़कर 2.68 लाख पर, सोना भी मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 4,000 रुपए बढ़कर 2.68 लाख रुपए प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि मजबूत वैश्विक रुख को देखते हुए सोना 1.61 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी मंगलवार के बंद स्तर 2,64,500 रुपए प्रति किलोग्राम से 4,000 रुपए या 1.5 प्रतिशत बढ़कर 2,68,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।




### वैश्विक बाजार का ऐसा हाल

वैश्विक बाजार में, हाजिर चांदी 4.71 डॉलर या लगभग छह प्रतिशत बढ़कर 85.51 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना 1.06 प्रतिशत बढ़कर 5,078.72 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका के जरूरी गैर-कृषि पेरोल आंकड़े (जनवरी) का इंतजार कर रहे हैं।

## 16 निजी विद्यालयों में हड़कंप

# निजी विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में 16 निजी विद्यालयों को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले जिसके कारण विद्यालयों को खाली कराना पड़ा और पुलिस ने बम निरोधक दस्ते के साथ जांच की। स्कूल अधिकारियों ने अभिभावकों को संदेश भेजकर छुट्टी की घोषणा की। मानव मंगल स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल और लर्निंग पाथ्स स्कूल उन विद्यालयों में शामिल हैं।



### कई शहरों में हड़कंप

अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान में करीब 300 पुलिसकर्मी शामिल हैं। सभी 16 विद्यालयों को खाली करा लिया गया है। ईमेल के स्रोत की जांच की जा रही है। मोहाली के विद्यालयों में बम की धमकी की यह घटना चंडीगढ़, अमृतसर, जालंधर, पटियाला और हरियाणा में हुई।

## शादी से लौटते वक्त हादसा

# कार और ट्रेलर की टक्कर में छह दोस्तों की गई जान

**दौसा।** राजस्थान के दौसा जिले में जयपुर-आगरा हाईवे पर शादी से लौट रहे 6 दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। कालाखो गांव के निवासी छह युवक एक कार में सवार होकर यात्रा कर रहे थे। अचानक कार अनियंत्रित हो गई और हाईवे के डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में जा पहुंची। उसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रेलर से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।



### मृतकों की हुई पहचान

जान गंवाने वालों में लोकेश योगी, दिलखुश योगी, मनीष योगी, समय सिंह योगी, अंकित बैरवा और नवीन शामिल हैं। चार शव सिकंदरा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। एक शव दौसा जिला अस्पताल में और एक शव जयपुर में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

## राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में 'वायु शक्ति 2026'

# राफेल, तेजस, एसयू-30 एमकेआई दिखाएंगे सटीक हमले की ताकत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सबसे बड़ी फायरपावर डेमोंस्ट्रेशन एक्सरसाइज 'वायु शक्ति 2026' 27 फरवरी को राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में होने वाली है। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला मेगा एक्सरसाइज होगा, जिसमें दिन, शाम और रात के ऑपरेशंस में वायुसेना अपनी सटीक हमले की ताकत दिखाएगी। करीब 2.5 घंटे के इस शो में 277 से ज्यादा हथियारों से 12,000 किलोग्राम विस्फोटक इस्तेमाल होंगे। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### भविष्य के युद्ध जीतने की क्षमता का प्रदर्शन

वायुसेना के वाइस चीफ एयर मार्शल नागेश कपूर ने मीडिया को बताया कि यह एक्सरसाइज भविष्य के युद्ध जीतने की क्षमता, डिटरेंस (डर पैदा करना) और लंबी दूरी के टारगेटिंग में वायुसेना की श्रेष्ठता दिखाएगा। यह वायु शक्ति वायुसेना का फायरपावर डेमोंस्ट्रेशन है, जिसमें लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर और मिसाइल सिस्टम अपनी ताकत दिखाते हैं। यह एक्सरसाइज पोखरण रेंज में होगी, जो पाकिस्तान बॉर्डर के करीब जैसलमेर में है।



### यह है शेड्यूल

**मुख्य तारीख:** 27 फरवरी 2026
**ड्रेस रिहर्सल:** 24 फरवरी
**स्टैंडबाय डेट:** 28 फरवरी

### क्या-क्या देखने को मिलेगा

**लड़ाकू विमान:** राफेल, एसयू-30 एमकेआई, तेजस, प्रचंड, मिराज 2000, मिग-29, जगुआर।
**हेलिकॉप्टर :** प्रचंड सहित 43 हेलिकॉप्टर.
ट्रांसपोर्ट विमान : C-295 से नाइट असॉल्ट लैंडिंग.
**स्पेशल फोर्स :** गरुड़ कमांडो का इंसर्शन.
**मिसाइल सिस्टम :** स्वदेशी आकाश और सामार सिस्टम आसमान पर राज करेंगे।
**अन्य :** ड्रोन (आरपीए), काउंटर-ड्रोन सिस्टम, आर्मी की एम-777 हॉवित्जर तोपें और पैरा स्पेशल फोर्स.
**कुल :** 77 फाइटर, 43 हेलीकॉप्टर, 8 ट्रांसपोर्ट विमान, 277 हथियार और विस्फोटक.

## चिंतन

# सच्चाई की सुरक्षा के लिए डीपफेक पर सख्ती जरूरी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को मानव की सहायता के लिए विकसित किया गया था, ताकि कामकाज आसान हो, उत्पादकता बढ़े और जटिल समस्याओं का समाधान मिल सके। एजेंटिक एआई जैसी उभरती तकनीकें बड़े भाषा मॉडल, मशीन लर्निंग और एंटरप्राइज ऑटोमेशन को जोड़कर ऐसे स्वायत्त सिस्टम बना रही हैं, जो डेटा का विश्लेषण कर निर्णय ले सकते हैं और कम मानवीय हस्तक्षेप में कार्य कर सकते हैं। यह तकनीक उद्योगों, प्रशासन और सेवा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है, लेकिन हर तकनीक के साथ एक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। एआई का दुरुपयोग आज गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। गूगल के सीईओ तक यह स्वीकार कर चुके हैं कि एआई का गलत इस्तेमाल नए खतरे पैदा कर रहा है। इन खतरों में सबसे बड़ा और चुनौतीपूर्ण रूप है डीपफेक। डीपफेक ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति की आवाज, तस्वीर या वीडियो को इस तरह बदला जा सकता है कि वह वास्तविक प्रतीत हो। इससे किसी की प्रतिष्ठा, निजता और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर आघात पहुंच सकता है। राजनीति, समाज और पारिवारिक जीवन हर क्षेत्र में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में एलन मस्क के एआई 'ग्रोक' के जरिए सोशल मीडिया पर अश्लील और भ्रामक तस्वीरों की बाढ़ इसका ताजा उदाहरण है। विवाद बढ़ने पर सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा और संबंधित मंचों को सामग्री हटाने के निर्देश देने पड़े। सरकार ने अब सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन कर डीपफेक और एआई-जनित बनावटी सामग्री के प्रबंधन के लिए सख्त प्रावधान लागू किए हैं। 20 फरवरी से लागू होने वाले इन नियमों के तहत एक्स, इंस्टाग्राम जैसे मंचों को सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश पर ऐसी सामग्री तीन घंटे के भीतर हटानी होगी। इसके अलावा, एआई से तैयार सामग्री की अनिवार्य लेबलिंग भी जरूरी कर दी गई है, ताकि उपयोगकर्ता जान सकें कि वे जो देख रहे हैं वह वास्तविक है या कृत्रिम रूप से निर्मित। यह कदम स्वागत योग्य है, क्योंकि बनावटी सामग्री को अब औपचारिक रूप से 'सूचना' की श्रेणी में रखा गया है और गैरकानूनी गतिविधियों के निर्धारण में इसे अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा। साथ ही, यदि किसी सामग्री पर एआई लेबल लगाया गया है तो उसे हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं होगी। जहां संभव हो, वहां स्थायी मेटाडेटा जोड़ना भी अनिवार्य किया गया है। सबसे बड़ी चिंता बच्चों को लेकर है। बच्चों का मन कोमल और संवेदनशील होता है। डीपफेक या भ्रामक सामग्री उनके मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग और फर्जी वीडियो के माध्यम से बच्चों को निशाना बनाना एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। ऐसे में अभिभावकों, स्कूलों और डिजिटल मंचों को मिलकर बच्चों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। एजेंटिक एआई जहां संभाव्य और अनुकूलनशील तकनीक के रूप में नए अवसर खोल रहा है, वहीं नियतात्मक प्रणालियां जैसे आरपीए सुरक्षित और अनुपालन आधारित संचालन के लिए अभी भी महत्वपूर्ण है। भविष्य का डिजिटल ढांचा इन दोनों तकनीकों के संतुलित संयोजन पर आधारित होगा, परंतु तकनीकी प्रगति का अर्थ यह नहीं कि नैतिकता और निजता को दरकिनार कर दिया जाए। आज आवश्यकता है कि सोशल मीडिया कंपनियां अपनी जिम्मेदारी समझें। केवल मुनाफा कमाने की दौड़ में वे समाज को जोखिम में नहीं डाल सकतीं।



जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु

# दयानंद ने दिखाया था परमार्थ का रास्ता

**महर्षि दयानंद ने आर्य समाज, परोपकारिणी सभा, गौकृष्यादि रक्षणी सभा और धर्म सभा की स्थापना की। वे ऐसे समाज सुधारक, वेदों के उद्धारकर्ता और धर्म के रक्षक महामान थे, जिनका मानना था कि दूसरों की उन्नति, प्रगति और विकास को ही अपनी उन्नति और विकास मानना मानव का स्वभाव होना चाहिए। इससे जहां परहित होता है, वहीं पर स्वहित भी होता जाता है। जहां भी सामाजिक कार्य हों, वहां पर अपने निहित स्वार्थ को तज सामाजिक स्वार्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए। सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सद्भाव का रास्ता पहली बार दयानंद संन्यासी ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्रहितैषी कार्य था।**

गुजरात के काठियावाड़ के टंकारा ग्राम में 200 वर्ष पूर्व जन्म लेने वाले आर्य समाज, परोपकारिणी सभा, गौकृष्यादि रक्षणी सभा और धर्म सभा की स्थापना करने वाले महर्षि दयानंद का जीवन और कार्यों को समझने के लिए किताब खोलने की जरूरत नहीं है, बल्कि उनके द्वारा स्थापित संस्थाएं और उनसे प्रेरणा लेने वाले लाला लाज पत राय, सरदार भगतसिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, स्वामी श्रद्धानंद सरीखे अनगिनत मां भारती के वीर योद्धाओं के कार्यों से हम समझ सकते हैं। वे ऐसे समाज सुधारक, वेदों के उद्धारकर्ता और धर्म के रक्षक महामान थे, जिनका मानना था कि दूसरों की उन्नति, प्रगति और विकास को ही अपनी उन्नति और विकास मानना मानव का स्वभाव होना चाहिए। इससे जहां परहित होता है, वहीं पर स्वहित भी होता जाता है। जहां भी सामाजिक कार्य हों, वहां पर अपने निहित स्वार्थ को तज सामाजिक स्वार्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए।

महर्षि दयानंद ने ऐसे सर्वहितकारी विचार तब दिए थे जब भारतीय समाज में अंधविश्वास, पाखंड, कुरीतियां और स्वार्थवादी प्रवृतियों का बोलबाला था। दयानंद ने निर्भीकता से कहा-सत्य, ज्ञान और विद्या मानव उन्नति और हित के आधार हैं। सत्य के बिना न तो ज्ञान की अहमियत है और न तो विद्या की ही। उन्होंने वेद को सत्य, ज्ञान और विद्या का आधार बताया। वह अपने उपदेशों, उद्बोधनों और प्रवचनों में वेद विद्या को प्रमुखता देते थे। उन्होंने कहा-मानव मन को चंगा करने और जीवन के परम लक्ष्य मोक्ष को हासिल करने के लिए वेद का रास्ता ही सबसे सहज, सरल और पवित्र है। वेद ऐसे ज्ञान, विद्या और विज्ञान के आधार स्तम्भ हैं, जहां से सभी तरह की विद्याओं और विज्ञानों का उद्गम होता है। उपनिषदों में अंधकार के पार देखने वाले और अंधकार के पार जाकर प्रकाश में विचरण करने वाले साधक को 'स्कंद' कहा गया है। जो मानव सभी तरह की बुराइयों, अंधकारों, अज्ञानता और संस्कारों से छूट जाता है, वह परम पावन ज्ञानमयी बन जाता है। दयानंद ऐसे ही परम पावन ज्ञानमयी साधक थे। उनकी साधना ऋद्धियों-सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए नहीं थी बल्कि अंधकार, अविद्या, दुख, पाप, असत्य और पाखंड में फंसे व्यक्ति को बाहर निकालने के लिए थी। वह ऐसे युग निर्माता और समाज सुधारक थे, जिनके रगों में सर्वहित और सर्वदुख निवारण का रक्त प्रवाहित हो रहा था। महर्षि दयानंद ने कहा, वेद सभी ज्ञान-विज्ञानों और विचारों के अंतिम प्रमाण हैं। वेद ऐसे ज्ञान रश्मि के स्रोत हैं जहां मानव के आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक तापों और और विषयों को कसौटी प्रदान करते हैं। महर्षि ने समाज सुधार के अनगिनत कार्य तो किए ही, आजादी के लिए अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी तैयार किए। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत-मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना



हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उनता ही मुसलमानों, ईसाइयों, बोद्धों, सिखों और जैनियों के भी। समाज, संस्कृति, धर्म, अध्यात्म, विज्ञान, ज्ञान, विद्या और राजनीति सहित अनेक विषयों पर महर्षि दयानंद ने अपने विचार सत्यार्थ प्रकाश में व्यक्त किए हैं। ईश्वर, जीव और प्रकृति जैसे सबसे विवादित विषयों को भी उन्होंने अपनी पुस्तकों में वेद और तर्क के आधार पर परिभाषित और व्याख्यायित किया है। दुनिया में सबसे अधिक विवाद और झगड़े ईश्वर, धर्म और मत-पंथ पर रहे हैं। महर्षि ने इन पर खुलकर अपने विचार सत्यार्थ प्रकाश में व्यक्त किए हैं। वह कहते हैं कि पहले ईश्वर, जीव और मत-पंथों को जानों, समझों और फिर मानो। उन्होंने कबीर की तरह गुरु को खूब ठोक-बजाकर ही मानने पर जोर दिया है। इसी तरह, प्रत्येक कार्य, विचार और विषय को भी मानने के पहले उन्हें खूब समझ लेने पर जोर दिया। यूं तो ब्रह्मांड की काल गणना में दो शताब्दी बहुत लम्बा समय नहीं होता, लेकिन किसी व्यक्ति, संगठन या संस्था के जन्म, कार्य, उद्देश्य और जनहित के कार्य की गणना में महत्व जरूर रखता है। वैरागी जीवन अपनाने के साथ ही, सत्य की खोज का संकल्प और संन्यास लेने के बाद समाज, संस्कृति, वैदिक धर्म, हिंदी, गुरुकुलीय शिक्षा के विकास, दलितों, पिछड़ों के साथ मजलूमों की बेहतरी के लिए समर्पित हो गया था। संन्यास लेने और गुरु विरजानंद से शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने दयानंद सरस्वती के रूप में समाज में ख्याति हासिल किया, जो कई धाराओं में आगे बढ़ता हुआ रोशन होता गया। उन धाराओं में वेदों का पुर्नोदय के लिए शास्त्रार्थ व वेदों का हिंदी में भाष्य, भारतीयता को गौरव दिलवाने, समाज सुधार, गुरुकुलीय शिक्षा के उन्नयन, राष्ट्राभिमान और स्वदेशी की महत्ता से राष्ट्रनिर्माण का सूत्र देने जैसी अनेक धाराएं वे एक साथ लेकर आगे बढ़ रहे थे।

समाज के शोषित, दलित, असहाय और अशिक्षित वर्ग की हालत विदेशी राज सत्ता की नाइंसाफी की वजह से दिनोंदिन बदतर होती जा रही थी। इसका असर भारतीय समाज के हर क्षेत्र में साफ-साफ दिखाई दे रहा था। स्वामी दयानंद ने इसे समझा और महसूस किया और यहीं से उन्होंने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, राष्ट्रीय, शैक्षिक सुधार और परंपरागत विचारों में बदलाव करने की ठानी। उस बदलाव का परिणाम यह हुआ कि समाज के हर वर्ग की मान्यताओं, धारणाओं, परंपराओं और विचारों में खुला चिंतन और तर्कवादी विमर्श पैदा हुआ। इससे जहां देश में आजादी की हवा बहने लगी, वहीं गुलामी की जंजीरों की जकड़ धीरे-घीरे ढीली होने लगीं। आर्यसमाज की स्थापना के 150 वर्ष 2026 में पूरे होंगे। पिछले डेढ़ सौ वर्षों में स्वामी दयानंद द्वारा स्थापित इस संस्था ने समाज सुधार, नव निर्माण, वेदों के प्रचार-प्रसार, समाज के शोषित, दलित, असहाय, अशिक्षित और अंधविश्वास-पाखंड में जकड़े वर्ग को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वामी दयानंद के, उद्देश्यों, कार्यों, सुधारों और निर्माण को आर्य समाज के कार्यों के साथ जोड़े बगैर उनका पूरा मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है। वहीं पर आर्यसमाज के आंदोलन स्वरूप से गांधी इतने प्रभावित हुए कि उन्हें कहना पड़ा- जहां-जहां मैं गुजरता हूं वहां आर्य समाज पहले ही गुजर चुका होता है। यह था आर्यसमाज का स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान का असर। लाला लाजपत राय, सरदार भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, ऊधम सिंह जैसे तमाम देशभक्तों की बलिदान की कहानी दयानंद और आर्यसमाज के रास्ते से गुजरती है। इसी तरह सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सद्भाव का रास्ता पहली बार दयानंद संन्यासी ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्रहितैषी कार्य था।

(लेखक साहित्यकार और चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



कोयम्बटूर के धार्मिक स्थलों में से एक, 11वीं शताब्दी का पेरुर पाटेश्वर निर्मित मंदिर राजा करिकाल चोल द्वारा बनाया गया था। शिव को स्वयंभू लिंगम के रूप में, पीठासीन देवता, पट्टेश्वर के रूप में पूजा जाता है। पाटेश्वर के सिर पर कामदेव गाय के पैरों के निशान मौजूद हैं।

## विचार

डॉ. राजेश के पिलानिया




# खुशहाल जीवन के लिए आत्मग्लानि से मुक्ति

आत्मग्लानि एक बहुत मजबूत भावना है। इसका लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आत्मग्लानि की भावना का एक सकारात्मक प्रभाव भी होता है, लेकिन इसका जीवन के कई पहलुओं पर, खासकर मानसिक स्वास्थ्य और खुशी पर, गहरा नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। आत्मग्लानि का सकारात्मक प्रभाव यह है कि यह हमें कुछ नकारात्मक काम करने से रोकती है और हमारे जीवन में किए गए कार्यों पर सोचने में मदद करती है। आत्मग्लानि को एक सकारात्मक शक्ति के रूप में इस्तेमाल करना और जीवन में सही रास्ते पर बने रहना उपयोगी हो सकता है। हालांकि, कई लोगों के लिए आत्मग्लानि तब नकारात्मक प्रभाव डालती है, जब इसे सही तरीके से संभाला नहीं जाता। हमने कई ऐसे लोगों को देखा है जो आत्मग्लानि का भारी बोझ उठाए हुए हैं और एक दुखी व असंतुष्ट जीवन जी रहे हैं। उदाहरण के लिए- मैंने जो किया उसके आधार पर मैं अच्छा इंसान नहीं हूं और यह बात मुझे हर समय परेशान करती रहती है; मैं अपने माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने के विचार से बाहर नहीं निकल पा रहा हूं; अपने पिछले रिश्ते को तोड़ने की आत्मग्लानि के कारण मैं अपने वर्तमान रिश्ते की सफलता को लेकर हमेशा चिंतित रहता हूँ; अपने जीवन की एक गलती के कारण मुझे खुद पर शर्म महसूस होती है; या मैंने जो किया उसकी शर्म की वजह से मैं लोगों से घुल-मिल नहीं पाता और अपने जीवन में अकेलापन महसूस करता हूं, और ऐसे कई अन्य उदाहरण। आत्मग्लानि शर्म, अलगाव, अकेलापन और मानसिक आघात जैसे कई हानिकारक प्रभाव पैदा कर सकती है। लोग उन बातों के लिए भी आत्मग्लानि महसूस करते रहते हैं जो कई दशक पहले हुई थीं। शोध से पता चलता है कि यह लंबे समय तक बनी रहने वाली आत्मग्लानि जीवन के कई पहलुओं को प्रभावित करती है, जिनमें आत्मविश्वास, रिश्ते, काम, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, समग्र भलाई और खुशी शामिल हैं। यह आत्मग्लानि से निपटने का सही तरीका नहीं है। हमें इसे संभालने का एक बेहतर तरीका खोजने की जरूरत है। हालांकि यह कठिन है, लेकिन सही दिशा में छोटे और सरल कदम उठाकर इसे किया जा सकता है। पहला कदम है आत्मग्लानि की भावना को पहचानना और उसे स्वीकार करना। दूसरा कदम यह देखना है कि क्या यह भावना वास्तव में सही है—क्या व्यक्ति वास्तव में जो हुआ उसके लिए जिम्मेदार है, या वह गलत धारणाओं के आधार पर खुद को दोषी मान रहा है। तीसरा कदम है आत्मग्लानि की जड़ को पहचानना और उसे निष्पक्ष रूप से देखना। चौथा कदम है उससे सीख लेना और अपनी पिछली गलतियों के लिए खुद को माफ करना, क्योंकि हम इंसान हैं और हमसे गलतियां होती हैं। पांचवां कदम यह है कि खुद को माफ करके, अपनी गलतियों से सीख लेकर और उन्हें दोहराने से बचने का संकल्प लेकर व्यक्ति आत्मग्लानि की भावना से बाहर आ सकता है। यदि किसी को अपने दम पर आत्मग्लानि से बाहर निकलना कठिन लगे, तो वह दूसरों से मदद ले सकता है, जिसमें पेशेवर मदद भी शामिल है। आत्मग्लानि को समझकर और उससे सीख लेकर व्यक्ति एक नई शुरुआत कर सकता है। इस नई शुरुआत के साथ वह उदासी की छाया से बाहर आ सकता है और अतीत के बोझ से मुक्त महसूस कर सकता है। इसके बाद व्यक्ति रोज़मर्रा के जीवन में खुशी के छोटे-छोटे कदम उठाना शुरू कर सकता है, अधिक खुश रह सकता है और एक अधिक संतोषपूर्ण जीवन जी सकता है।

(लेखक एमडीआई गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वीकारोक्तिः गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित

**दर्शन**

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

# गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित

**प्रेरणा**

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए।

*- मनोज जोशी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# बाल देखभाल केंद्रों में तेजी से बढ़ रही गंभीर घटनाएं



ऑस्ट्रेलिया में प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों तथा बाल देखभाल केंद्रों में गंभीर घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उत्पादकता आयोग की अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में प्रति 100 सेवा केंद्रों पर ऐसी 160 गंभीर घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि यह आंकड़ा 2023-24 में 148 और 2022-23 में 139 था। गंभीर घटना से आशय ऐसी स्थिति से है जो किसी बच्चे के स्वास्थ्य, सुरक्षा या कल्याण को गंभीर रूप से प्रभावित करे। इसमें गंभीर चोट या बीमारी जिसके लिए चिकित्सकीय उपचार की आवश्यकता हो, आपात सेवाओं की मौजूदगी वाली घटनाएं, बच्चे का लापता हो जाना आदि शामिल हैं। इसके अलावा दुर्व्यवहार या बच्चे की मृत्यु भी इस श्रेणी में आती है। दिसंबर 2025 में जारी राष्ट्रीय बाल देखभाल सुरक्षा एवं गुणवत्ता एजेंसी (एसीईसीक्यूए) की रिपोर्ट के अनुसार चोट, बीमारी या आघात के मामले कुल गंभीर मामलों के 77.7 प्रतिशत थे। ये आंकड़े देशभर में प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों तथा बाल देखभाल केंद्रों की सुरक्षा को लेकर जारी चिंताओं के बीच सामने आए हैं। पिछले सप्ताह नियामकों ने सिडनी में एक पारिवारिक बाल देखभाल केंद्र को बंद किए जाने की जानकारी दी, जहां चाकू और ज़हर जिस स्थान पर रखे गए थे, बच्चे वहां तक आसानी से पहुंच सकते थे।

## ऑफ बीट

# क्या गर्म पानी पीने से वजन घटता व साफ होती है त्वचा



सोशल मीडिया पर इन दिनों एक नया चलन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि रोजाना एक कप सादा गर्म पानी (बिना किसी मिश्रण के) पीने से वजन घटाने, त्वचा साफ होने, गले की खराश और मासिक धर्म के दर्द में राहत जैसे फायदे मिलते हैं। इसे सरल और प्राकृतिक उपाय के रूप में पेश किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार गुनगुना (उबलता नहीं) पानी पीना सामान्यतः सुरक्षित है और कई लोगों को इससे आराम महसूस होता है, लेकिन इसके विशेष स्वास्थ्य लाभों के पक्ष में ठोस वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं। लाभ संभवतः अधिक पानी पीने, नियमित स्वास्थ्य आदत अपनाने या गर्माहट से मिलने वाले सुकून के कारण हो सकते हैं, न कि पानी के तापमान के कारण। पानी, चाहे ठंडा हो या गर्म, शरीर के लिए आवश्यक है। पर्याप्त पानी पीना पाचन, रक्त संचार, गुर्दा क्रिया, रक्तचाप नियंत्रण और समग्र स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। 2025 के एक अध्ययन में संकेत मिला कि पर्याप्त पानी न पीने से रोजमर्रा के तनाव से निपटना कठिन हो सकता है। हालांकि अब तक ऐसा कोई मजबूत प्रमाण नहीं है कि गर्म पानी, सामान्य या ठंडे पानी की तुलना में अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ देता है।

## ट्रेंड

### अंत्योदय के प्रणेता



सर्वस्व समर्पण उस चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होती है। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी इसी भावना से देश के जन-जन को सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारतीय टेक्सटाइल



टेक्सटाइल की रेस में भारत 18% टैरिफ की बेड़ियों में दौड़ेगा और बांग्लादेश 0% टैरिफ के खुले मैदान में। पीएम का ट्रम्प की शर्तों के सामने समर्पण का ऐलान, भारतीय टेक्सटाइल के लिए मौत का फरमान है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सम्मानजनक स्टाइफंड



1 साल में हेल्थ सेक्टर की 27 साल पुरानी लीगेसी प्रॉब्लम्स का हमने समाधान निकालना शुरू कर दिया है। नर्सिंग इंटर्न्स, जिन्हें स्टाइफंड के नाम पर केवल 500 रुपये मिलते थे, आज उन्हें 13,000+ का सम्मानजनक स्टाइफंड मिल रहा है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### उप्र बजट लोक लुभावना



उत्तर प्रदेश विस में पेश किया गया बजट लोक लुभावना ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं सर्वसमाज व सभी क्षेत्र के विकास का कम प्रतीत होता है। फिर भी जो घोषणायें व आश्वासन आदि जनता को देने का प्रयास किया गया है उसका सही से समयबद्ध तरीके से अमल जरूर हो।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### हत्या मामले में सांसद उज्ज्वल निकम को राहत



**मुंबई।** मुंबई की एक कोर्ट ने हत्या के आरोपी विजय पालंदे की याचिका को खारिज कर दिया है। पालंदे की याचिका में उज्ज्वल निकम को इस मामले में विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) के पद से हटाने की मांग की थी। उज्ज्वल निकम वर्तमान में राज्यसभा के सदस्य भी हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, विजय पालंदे पर 2012 में दिल्ली के एक कारोबारी अरुणकुमार टिक्कू की हत्या का आरोप है। इसके अलावा, वह दो और हत्या के मामलों का भी सामना कर रहा है और इस समय न्यायिक हिरासत में है।

### यूपी : शादी के लिए मिलेंगे अब 1 लाख



**लखनऊ।** योगी सरकार ने चुनाव से पहले अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया। 9 लाख 12 हजार करोड़ का ये बजट पिछले साल से 12% ज्यादा है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिलाओं, इंफ्रास्टक्चर पर खास फोकस किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 43 हजार करोड़ रुपए की नई योजनाएं शुरू करने का ऐलान किया। अब बेटियों की शादी के लिए 51 हजार की जगह 1 लाख रुपए दिए जाएंगे।

### प्रेस कांन्फ्रेस लेकर कहा- राहुल के आरोप बेबुनियाद, उन्हें फाइल फिर से पढ़ना चाहिए

# केंद्रीय मंत्री पुरी ने मानी एपस्टीन से मिलने की बात, कहा- प्रोफेशनल मीटिंग थी यह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी द्वारा लगाए गए एपस्टीन फाइल से जुड़े आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुरी ने कहा कि राहुल ने संसद में उनका नाम लेकर बेबुनियाद आरोप लगाए हैं और यह उनकी पुरानी आदत रही है। पुरी ने कहा कि युवा नेता (राहुल गांधी) को पता होना चाहिए कि एपस्टीन फाइल्स गलत कामों और आपराधिक मामलों से संबंधित हैं। उन्होंने कहा, 'एपस्टीन फाइल्स में आरोप हैं कि उनके पास एक द्वीप था जहां वे लोगों को उनकी यौन कल्पनाओं को पूरा करने के लिए ले जाते थे, उन पर बाल यौन शोषण के आरोप हैं, इसके पीड़ित हैं। उन पीड़ितों ने अधिकारियों के खिलाफ मामले दर्ज कराए हैं। मेरी बातचीत का इससे कोई लेना-देना नहीं था।'

## चर्चित फाइल में नाम आने का एलओपी राहुल ने संसद में किया था जिक्र



### एपस्टीन से मुलाकात पर सफाई

प्रेस कांन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री पुरी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने जेफरी एपस्टीन से मुलाकात की थी, लेकिन यह मुलाकात अंतरराष्ट्रीय पीस इंस्टिट्यूट (आईपीआई) के एक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहते हुए हुई थी। उन्होंने कहा, 'साल 2009 में जब मैं अमेरिका में राजदूत था तब ये मुलाकात हुई। सारी सच्चाई पब्लिक डोमेन में मौजूद है। सार्वजनिक रूप से करीब 3 मिलियन ईमेल हैं। 8 साल बाद मैं मंत्री बना। इस दौरान 3-4 मुलाकातों का जिक्र है।' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एपस्टीन से उनकी मुलाकात केवल अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल के तहत हुई थी।

### एपस्टीन ने मुझे 'दोमुंहा' कहा था

पुरी ने राहुल को सलाह दी कि वे हवा में बातें करने के बजाय उन फाइलों को ढंग से पढ़ लें। उन्होंने दावा किया कि एपस्टीन को उनकी बातों में कोई दिलचस्पी नहीं थी क्योंकि वे उसके काम के आदमी नहीं थे। पुरी ने कहा, एपस्टीन के लिए मैं 'सही व्यक्ति नहीं था। हकीकत तो यह है कि एपस्टीन ने मुझे अपने ईमेल में टू फेसेस यानी 'दोमुंहा' तक कहा था। राहुल को चाहिए कि वे उन ईमेल को दोबारा और पूरा पढ़ें।

### रीड हॉफमैन से हुई थी मुलाकात

पुरी ने कहा, 'नवंबर 2014 में मैं एक आम नागरिक था। एपस्टीन के संपर्क के एक शख्स ने हमारी मुलाकात लिंक्डइन के संस्थापक रीड हॉफमैन से अमेरिका के वेस्ट कोस्ट में करवाई थी। किसी ने कहा कि वे भारत को देखना चाहते हैं। मैंने अपने ईमेल में कहा था कि आज भारत एक शानदार अवसर प्रस्तुत करता है और रीड हॉफमैन को भारत आकर आने वाले बदलावों को देखना चाहिए।'

### 'पीएम मोदी का नाम भी घसीटा गया था'

*विवाद केवल हरदीप पुरी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2017 की इजरायल यात्रा को भी घसीटने की कोशिश की गई। राहुल के इन दावों पर विदेश मंत्रालय (एमईए) ने पहले ही बेहद सख्त प्रतिक्रिया दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया जिनमें प्रधानमंत्री की यात्रा को एपस्टीन के किसी ईमेल से जोड़ने की कोशिश की गई थी।*

### एपस्टीन फाइल्स को लेकर यह है राहुल के आरोप

*एलओपी गांधी ने संसद में कहा था, 'एक बिजनेसमैन हैं, जिनका नाम अनिल अंबानी है उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं हरदीप पुरी से पूछना चाहता हूं, अनिल अंबानी को एपस्टीन से किसने मिलवाया था। हरदीप पुरी भी जानते हैं कि किसने उन्हें मिलवाया था।' सदन के बाहर गांधी ने कहा, 'अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट के पास एपस्टीन फाइलें हैं, जिनमें हरदीप पुरी और अनिल अंबानी के नाम हैं।'*

ट्रेड डील के बाद आधिकारिक रूप से यूएसटीआर ने किया था सोशल मीडिया में शेयर

# पीओके और अक्साई चिन वाला इंडियन मैप हटाया अमेरिका ने




एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन (चीन के कब्जे वाला इलाका) को भारत का हिस्सा दिखाने वाला पोस्ट डिलीट कर दिया है। यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) ने 7 फरवरी को भारत-अमेरिका के बीच हुए ट्रेड एग्रीमेंट के बाद किए गए पोस्ट में इंडियन मैप शेयर किया था। जारी होने के बाद यह नक्शा चर्चा में आ गया था। अब तक अमेरिकी एजेंसियां इंडियन मैप में पीओके और अक्साई चिन को विवादित इलाके के तौर पर अलग रंग या 'डॉटेड लाइन्स' से दिखाती थी। हालांकि, इस पोस्ट में ऐसा कोई निशान या लाइन नहीं थी, बल्कि पूरे क्षेत्र को भारत का अभिन्न हिस्सा दिखाया गया था। इस बदलाव के बाद कई एक्सपर्ट का कहना था कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्तों में तनाव के बीच यह कदम भारत के समर्थन का संकेत हो सकता है।

### पीओके पर लंबे समय से विवाद

भारत और पाकिस्तान के बीच पीओके विवाद जम्मू-कश्मीर क्षेत्र से जुड़ा सबसे पुराना विवाद है। यह 1947 से चला आ रहा है और दोनों देशों के बीच युद्ध, तनाव और कूटनीतिक लड़ाई का कारण बना हुआ है।

### 1962 की जंग के बाद अक्साई चिन पर चीन का कब्जा

अक्साई चिन विवाद भारत और चीन के बीच सबसे पुराने और सबसे संवेदनशील सीमा विवादों में से एक है। यह क्षेत्र लद्दाख के पूर्वोत्तर हिस्से में स्थित एक ऊंचा, बंजर और ठंडा रेगिस्तानी इलाका है, जो लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। 1962 के युद्ध के बाद अक्साई चिन पर चीन का कब्जा है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा

# 'वांगचुक फिट हैं, उन्हें मेडिकल आधार पर रिहा नहीं कर सकते'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लद्दाख के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक फिलहाल जेल में ही रहेंगे। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि उन्हें मेडिकल आधार पर रिहा नहीं किया जा सकता है। बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार ने अदालत को बताया कि वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर फिलहाल कोई गंभीर चिंता वाली बात नहीं है। सरकार की ओर से यह दलील तब आई जब वांगचुक के समर्थकों द्वारा उनकी गिरती सेहत का हवाला देकर रिहाई की मांग की गई थी। केंद्र ने साफ कहा कि केवल सामान्य स्वास्थ्य दलीलों के आधार पर रिहाई का आदेश देना कानूनन सही नहीं होगा।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि वांगचुक की जेल नियमावली के तहत अब तक करीब 24 बार मेडिकल जांच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वांगचुक पूरी तरह फिट हैं। उन्हें केवल डाइजेशन (पाचन) की समस्या और संक्रमण हुआ था, जिसका इलाज किया गया है। मेहता ने कहा कि इस तरह की समस्या को अपवाद मानकर उन्हें रिहा किया गया तो आगे अन्य लोग भी इस तरह की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन आधारों पर वांगचुक को हिरासत में लिया गया था, वे अभी भी कायम हैं। इसलिए स्वास्थ्य कारणों से रिहाई संभव नहीं है और ऐसा करना सही भी नहीं होगा।



### पिछले साल सितंबर में हुए थे गिरफ्तार

24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 150 से अधिक लोग घायल हुए थे।

### समर्थकों की चिंता

लद्दाख के अधिकारों और पर्यावरण की रक्षा के लिए आवाज उठाने वाले वांगचुक पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं। उनकी गिरफ्तारी के बाद से ही उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई जा रही थी। वांगचुक के समर्थकों का कहना है कि उनकी जान को खतरा हो सकता है।

# हिमंता का विवादित वीडियो सोशल मीडिया कॉ-कन्वीनर किया गया निष्कासित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ भाजपा ने किया पार्टी से निष्कासित

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से जुड़े विवादित एआई वीडियो मामले में भारतीय जनता पार्टी ने कार्रवाई करते हुए अपने सोशल मीडिया को-कन्वीनर रॉन विकास गौरव को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस वीडियो को लेकर बीजेपी नेतृत्व ने आंतरिक जांच की, जिसमें रॉन विकास गौरव की भूमिका सामने आने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित करने का फैसला लिया गया। यह विवादित एआई वीडियो हाल ही में असम बीजेपी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किया गया था। वीडियो में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कथित तौर पर राइफल से खास समुदाय के दो लोगों पर निशाना साधते और गोली चलाते नजर आ रहे थे। वीडियो के साथ 'पॉइंट-ब्लैंक शॉट' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था।

### देशभर में मचा है बवाल

वीडियो सामने आने के बाद देशभर में बवाल मच गया। विपक्षी दलों ने इसे सांप्रदायिक नफरत भड़काने वाला बताया और बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाए। विपक्षी दलों द्वारा इस मुद्दे पर कई सिविल केस और पुलिस शिकायतें भी दर्ज कराई जा चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले में सुनवाई को तैयार हो गया है।

### सरमा ने वीडियो को लेकर जताई थी अनभिज्ञता

हालांकि, सीएम सरमा ने वीडियो को लेकर अनभिज्ञता जताई थी और कहा था कि अगर उनके खिलाफ कोई केस दर्ज होता है तो वह गिरफ्तारी के लिए तैयार हैं। वहीं, इस पूरे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में भी याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं, जिनमें मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

# मुंबई में 44 साल बाद भाजपा का मेयर, निर्विरोध जीतीं रितु

**मुंबई।** मुंबई में रितु तावड़े निर्विरोध बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की मेयर और संजय घाड़ी निर्विरोध डिप्टी मेयर बने। 44 साल बाद बीएमसी में भाजपा का मेयर बना है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दोनों नेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सरकार बीएमसी के साथ मिलकर मुंबई के विकास और किए गए वादों को पूरा करेगी। तावड़े वार्ड 132 से पार्षद हैं।

### शिवसेना के संजय घाड़ी चुने गए डिप्टी मेयर




### अंडमान-निकोबार में समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान की पहल

# केज कल्चर, समुद्री शैवाल की खेती को बहुआयामी बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| श्री विजयपुरम

भूमि संसाधनों की सीमाओं, बढ़ती आबादी और पारंपरिक आजीविका पर बढ़ते दबाव के बीच समुद्र आधारित विकास को सशक्त बनाने राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान की पहलें अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में नई संभावनाओं के द्वार खोल रही हैं। खुले समुद्र में केज कल्चर, कृत्रिम रीफ स्थापना, समुद्री शैवाल (सीवीड) खेती तथा गहरे समुद्र मिशन जैसी उन्नत समुद्री प्रौद्योगिकियों के माध्यम से तटीय क्षेत्रों में आजीविका, पर्यावरण संरक्षण और वैज्ञानिक अनुसंधान को एक साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री विजयपुरम के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी डॉ. दिलीप कुमार झा ने अंडमान-निकोबार के भ्रमण पर आए छत्तीसगढ़ के पत्रकारों को विस्तृत प्रस्तुति के दौरान दी। समुद्र आधारित संसाधनों का वैज्ञानिक, संतुलित और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से उपयोग ही तटीय समुदायों की स्थायी समृद्धि का आधार बन सकता है।

**समुद्र आधारित आजीविका को मिल रहा है नया आयाम**



समुद्री शैवाल खेती की उल्लेखनीय प्रगति : समुद्री शैवाल (सीवीड) खेती के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। खाद्य, औषधीय और औद्योगिक उपयोगों के कारण इसकी मांग निरंतर बढ़ रही है। डॉ. झा ने बताया कि अंडमान-निकोबार में एनआईओटी ने मत्स्य विभाग के सहयोग से 96 लोगों को सीवीड खेती का प्रशिक्षण प्रदान किया है।

### पिंजरा आधारित मछली पालन

एनआईओटी द्वारा संचालित ओपन सी केज कल्चर (खुले समुद्र में पिंजरा आधारित मछली पालन) कार्यक्रम एक समाजोन्मुखी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसका उद्देश्य तटीय और द्वीपीय समुदायों को टिकाऊ एवं वैकल्पिक आजीविका प्रदान करना है। इसी तरह, समुद्री मत्स्य संसाधनों में आ रही गिरावट के समाधान के रूप में कृत्रिम रीफ (आर्टिफिशियल रीफ) एक प्रभावी और दीर्घकालिक उपाय के रूप में सामने आया है। स्थानीय मछुआरों के अनुभव के आधार पर डिजाइन तय कर त्रिकोणीय, चौकोर और गुंबदनुमा संरचनाएँ स्थापित की जाती हैं, जो समय के साथ 'अंडरवॉटर फॉरेस्ट' का रूप ले लेती हैं। एक वर्ष के भीतर ही इन क्षेत्रों में मत्स्य संसाधनों में वृद्धि दर्ज की गई है।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बदलते मौसम में जब बार-बार हो खांसी-जुकाम



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बदलते मौसम में मुझे सर्दी-खांसी और बुखार की समस्या अकसर हो जाती है। कृपया बताएं, ऐसा क्या करूं कि मैं बदलते मौसम में भी स्वस्थ रह सकूं?**

**-कृपाशंकर, हिसार**

बदलते मौसम में, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, उनको सर्दी-जुकाम जल्दी-जल्दी होता है। आपकी उम्र भी अधिक है, इसलिए आपको और बचाव करने की जरूरत है। कोशिश करें कि सुबह शाम जब ठंड हो तब मॉर्निंग वॉक ना करें या घर से बाहर ना निकलें। अगर निकलना जरूरी हो तो पूरी तरह से वूलेन क्लॉथ पहनकर निकलें। साथ ही फ्रिज में रखा हुआ कोई भी कोल्ड डिश या ठंडा पेय बिल्कुल ना पिएं। नियमित रूप में विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल जैसे संतरा, आंवला आदि खाएं। इससे आपको काफी राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आ जाता है। कृपया बताएं कि मुझे ऐसी समस्या क्यों हो रही है?**

**-सौरभ, बिलासपुर**

आपको तुरंत किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि दर्द होता है, भूख नहीं लग रही है। साथ में कभी-कभी फीवर भी आता है तो यह संभावना है कि आपको टाइफाइड हो सकता है। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर जांच कराएं और फिर रिपोर्ट के आधार पर उसका ट्रीटमेंट होगा।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मुझे कुछ महीनों से हार्ड स्टूल और पाइल्स की समस्या है। कई तरह की दवाइयां और चूर्ण लेने के बाद भी मेरी प्रॉब्लम बनी हुई है। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

पाइल्स की समस्या तब शुरू होती है, जब आपका पेट ठीक नहीं होता है यानी आपको मोशंस क्लियर नहीं होते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप ऐसा खाना खाएं, जो जल्द डाइजेस्ट हो। साथ में कोशिश करें कि खाने के साथ नियमित रूप में पपीता जरूर लें। खाना आपका सादा होना चाहिए, तला-भुना और ज्यादा मिर्च मसाले वाला ना हो। काली मिर्च और अदरक का भी सेवन कम करें या ना करें। ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो एक बार सर्जन को दिखा सकते हैं। अगर ऑपरेट करने की संभावना होगी तो वह कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। मुझे बस या ऑटो में जर्नी करते समय चक्कर आने लगता है और वॉमिटिंग भी होती है। प्लीज कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मेरी यह हेल्थ प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-विभूति, कांकेर**

इस तरह की समस्याएं कई लोगों को होती है। इसका सीधा तरीका है कि आपको सफर से पहले खाना नहीं खाना चाहिए। हल्का या सॉफ्ट डाइट लेना चाहिए और कोशिश करें कि बस और ऑटो जर्नी कम से कम करें। ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो और जर्नी करनी जरूरी हो तो डॉक्टर से सलाह के बाद वॉमिट रोकने वाली दवा भी ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मैं अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। इस वजह से मुझे ठीक से नींद नहीं आती और बीपी भी बढ़ जाता है। मैं इस समस्या से कैसे निजात पाऊं, प्लीज बताएं?**

**-कौशल, रायपुर**

यह समस्या आज के दौर में काफी लोगों में देखी जाती है। ज्यादातर लोग किसी न किसी मानसिक समस्या से ग्रसित होते हैं। इसका समाधान आप ही कर सकते है। आप क्या सोचते हैं, उसका क्या समाधान होगा, उसे करें। इसके साथ ही सुबह और शाम नियमित रूप में प्राणायाम करें। अगर ज्यादा समस्या है तो एक बार मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

फिटनेस सजेशन

दिव्यज्योति 'नंदन'

शरीर को हेल्दी और फिट रखने में योगाभ्यास और जिम में वर्कआउट दोनों का अपना-अपना महत्व है। लेकिन अपने लिए किसी का चुनाव करने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि किस एज के लोगों को क्या करना अधिक फायदेमंद और सुरक्षित रहता है। हम आपको यहां बता रहे हैं अलग-अलग एज ग्रुप के लोगों के लिए योगा और वर्कआउट में से किसका और कितना अभ्यास करना चाहिए?

# योगाभ्यास-जिम में वर्कआउट किस एज में क्या होता है बेस्ट





आज फिटनेस को लेकर लोगों में काफी मतभेद होता है। एक वर्ग योग को महत्वपूर्ण मानता है और दूसरा वर्ग जिम में वर्कआउट को कारगर समझता है। कोई कहता है जिम के बिना फिटनेस संभव ही नहीं है, तो दूसरे वर्ग के लोग कहते हैं कि कितना भी जिम में वर्कआउट कर लो, बिना योग के शरीर में लोच, लचक नहीं आती और न ही शरीर तनाव से मुक्त होता है। दोनों अपने-अपने तर्कों पर अडिग रहते हैं और दोनों अपने सिवा दूसरे को खारिज करते हैं। लेकिन आपको किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दोनों के बारे में खूब अच्छी तरह से समझना होगा।

## योगा और जिम वर्कआउट में फर्क

योग शरीर के लचीलेपन को, सांस लेने की प्रक्रिया को, मन की स्थिरता को और हमारे नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाने का काम करता है। मतलब यह है कि योग हमारे शरीर को भीतर से तंदुरुस्त करता है। जबकि जिम वेट ट्रेनिंग, शरीर की मसल्स, ताकत, स्टेमिना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने का जरिया होता है। यह तेजी से शरीर में दिखने वाले बदलाव करता है और हां, अगर बिना इंस्ट्रक्टर के देख-रेख के अगर जिम में वर्कआउट किया जाता है, तो वह चोट लगने और फिटनेस को जोखिम में डालने की आशंका भी पैदा करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम यह बात जानें कि योग बनाम जिम नहीं है बल्कि योग एक खास उम्र के लिए ज्यादा बेहतर है और जिम दूसरी उम्र के लोगों के लिए ज्यादा मुफीद होता है।

## 18-25 की उम्र में जिम वर्कआउट करना है सही

इस उम्र समूह के लोगों के लिए शरीर को फिट रखने का सबसे बेहतर जरिया जिम में वर्कआउट को माना जाता है। क्योंकि इस उम्र में



शरीर में भरपूर ताकत होती है। टेस्टोस्टेरॉन, ग्रोथ हार्मोन और शरीर की रिकवरी कैपेसिटी पीक पर होती है। इसलिए इस उम्र के लिए जिम में वर्कआउट करना बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए इस उम्र के लोगों को जिम, वेट ट्रेनिंग और कार्डियो (मुख्य) को वरीयता देनी चाहिए। लेकिन अगर ये लोग सप्ताह में दो या तीन दिन योग को भी अपनी फिटनेस योजना में शामिल करते हैं तो समझिए सोने में सुहागा है, क्योंकि जिम के जरिए मसल्स आसानी से बनती हैं। बॉडी शेप में आती है और भविष्य के लिए हड्डियों की मजबूती बढ़ती है। अगर इसी दौरान योगाभ्यास का भी साथ लिया जाए तो यह सांस लेने की प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। शरीर के ध्यान को फोकस करता है, चोटों से बचाता है और मसल्स स्ट्रेचिंग में भी कारगर है। लेकिन इस उम्र में जिम वर्कआउट को मुख्य माना जा सकता है।

## 26-35 साल के लिए योगाभ्यास

26 से 35 साल की उम्र ऐसी होती है, जब शादी, परिवार, तनाव आदि के कारण नींद कम आती है। शरीर चूंकि मजबूत होता है, इसलिए ज्यादा फर्क नहीं दिखता है लेकिन तनाव धीरे-धीरे शरीर को कमजोर और मन को अशांत करने लगता है। आमतौर पर देखा जाता है कि इस वजह से पीठ का दर्द, पेट, वजन, शुगर और बीपी की शुरुआत इसी उम्र में होती है। ऐसे में जरूरी है-

- हफ्ते में कम से कम तीन से चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करें।
- बाकी बचे तीन दिन हर हाल में योग और प्राणायाम करें।
- इस सबके साथ पैदल चलना और हल्का कार्डियो हर दिन जरूरी है। क्योंकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, योग से तनाव काबू में रहता है, नींद बेहतर होती है और दोनों साथ हों तो वजन नियंत्रित रहता है और बॉडी फिट रहती है। लब्बोलुआब यह कि इस उम्र में दोनों पर ध्यान देना चाहिए।

## 36-45 साल की एज में शुरू करें स्मार्ट जिम ट्रेनिंग

यह उम्र का वह पड़ाव होता है, जब मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और पेट बढ़ने लगता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव और मसल्स घटने लगते हैं। जोड़ों की जकड़न, पीठ और कंधे का दर्द बढ़ने लगता है। ऐसे में कुछ बातों पर अमल जरूरी है।

- मॉडरेट वेट ट्रेनिंग करें। यह आपकी जिम एक्टिविटी में मुख्य होनी चाहिए।
- इसी उम्र के दौरान योग और मोबिलिटी ट्रेनिंग शुरू करना भी जरूरी है।
- ध्यान और प्राणायाम इस उम्र के तनाव को कम करते हैं।
- वेट ट्रेनिंग करना भी फायदेमंद है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत बनती हैं।
- योगाभ्यास, जोड़ों और रीढ़ को सुरक्षित रखता है, दोनों मिलकर शरीर को एजिंग के खिलाफ मजबूती देते हैं। ऐसे में इस उम्र में वर्कआउट और योगाभ्यास दोनों करना जरूरी है।

## 46-60 की उम्र में योग को दें प्राथमिकता

उम्र का यह वह पड़ाव होता है, जब व्यक्ति अकसर बीपी, शुगर, हार्ट रिस्क, घुटनों के दर्द और कमर की समस्याओं से जूझ रहा होता है। बहुत लोग सोचते हैं कि अब जिम नहीं करना चाहिए पर विशेषज्ञ कहते हैं, इस उम्र में भी हल्की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग बेहद जरूरी है। पर हां, योग सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे में इस उम्र का बेहतरीन फार्मूला कुछ इस तरह का बनता है-

- योगाभ्यास को मुख्य रूप से रोजाना करें। विशेषकर जोड़ों, फेफड़ों की बेहतरी के लिए ये बहुत कारगर रहता है।
- हल्की वेट ट्रेनिंग भी जरूरी है। इस उम्र में चूंकि हड्डियों और मसल्स की समस्याएं सिर उठाने लगती हैं, इसलिए हल्की वेट ट्रेनिंग लगातार करते रहना चाहिए।
- सबसे ज्यादा जरूरी है कि इस उम्र में लंबी वॉक करें, क्योंकि हार्ट हेल्थ के लिए यह बहुत फायदेमंद होता है।



- इस उम्र में योगाभ्यास करने से शरीर में लचीलापन बना रहता है और मसल्स-जोड़ों में दर्द कंट्रोल में रहता है।
- स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से गिरने का खतरा कम होता है।
- हड्डियां मजबूत होती हैं, मसल्स लॉस कम होता है। लब्बोलुआब यह है कि इस उम्र में योग को प्राथमिकता दें, लेकिन हल्के जिम की रेग्युलर एक्सरसाइज न छोड़ें। *

---

# मेरे लिए हेल्दी-फिट फील करना सबसे ज्यादा जरूरी है

फिटनेस फंडा

पारस अरोड़ा

इन दिनों एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'घरवाली पेड़वाली' में जीतू का किरदार निभा रहे पारस अरोड़ा काफी फिट नजर आते हैं। इसके लिए वे क्या एफर्ट करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**हेल्थ-फिटनेस की इंपॉर्टेंसः** मेरे हिसाब से हेल्दी और फिट रहना अच्छी लाइफ की सबसे मजबूत नींव है। अगर आप शारीरिक तौर पर फिट नहीं हो तो चाहे कितनी भी सफलता मिल जाए, आप उसे पूरी तरह एंज्वॉय नहीं कर पाते। एक एक्टर होने के नाते हमारे काम में लंबे शूटिंग ऑवर्स, ट्रैवल और अनप्रेडिक्टेबल रूटीन होता है। ऐसे में फिटनेस ही है, जो मुझे हर दिन फ्रेश और फोकस्ड रखती है। फिट बॉडी के साथ-साथ पॉजिटिव माइंडसेट भी बहुत जरूरी है।

**हेल्दी-फिट फील करना इंपॉर्टेंटः** मेरे लिए हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक फील करना, सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर आपके पास एनर्जी नहीं है, तो आप अपने काम में 100% नहीं दे सकते।

**डाइट प्लानः** मैं बहुत ज्यादा स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो नहीं करता, लेकिन बैलेंस्ड खाने में



विश्वास रखता हूं। सुबह की शुरुआत गुनगुने पानी या नीबू पानी से करता हूं। ब्रेकफास्ट में ओट्स, अंडे या कभी-कभी घर का बना परांठा खाता हूं। लंच में दाल, सब्जी, रोटी और सलाद लेना पसंद करता हूं। शाम को फल, नट्स या नारियल पानी ले लेता हूं। और डिनर में हल्का खाना जैसे सूप या सब्जी ले लेता हूं। मैं जंक फूड और ज्यादा मीठा खाने से बचता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूलः** मैं हफ्ते में 4 से 5 दिन वर्कआउट करने की कोशिश करता हूं। मेरा रूटीन मिक्स रहता है कभी जिम, कभी कार्डियो, कभी योग। शूटिंग की वजह से अगर जिम नहीं जा पाता, तो कम से कम वॉक, स्ट्रेचिंग या बॉडीवेट एक्सरसाइज जरूर करता हूं। मेरा मानना है कि रोज थोड़ा मूवमेंट बहुत जरूरी है।

**मेंटल फिटनेसः** मेंटल फिटनेस के लिए मैं रोज मेडिटेशन करता हूं और खुद के लिए थोड़ा मी टाइम निकालता हूं। म्यूजिक सुनना, फैमिली, दोस्तों से बात करना मुझे स्ट्रेस-फ्री रखता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

---

मेंटल हेल्थ

रेखा देशराज

नेचर के करीब कुछ समय बिताने से न केवल सुकून मिलता है, हम मेंटली हेल्दी भी रहते हैं। इस बात की पुष्टि कुछ समय पहले किए गए एक स्टडी में हुई है। इस स्टडी के बारे में डिटेल में जानिए।

# नेचर के करीब रहने से आप रहेंगे मेंटली हेल्दी

हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह पाया गया कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं। जो लोग मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उनको भी प्रकृति के साथ जुड़ने से लाभ होते हैं। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ योर्क द्वारा किया गया, जिसमें बताया गया है कि घर से बाहर प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां हमारे भीतर के तनाव को कम करती हैं, मूड अच्छा करती हैं और हममें सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देती हैं। इसमें यह भी पाया गया है कि 20 से 90 मिनट की गतिविधियां, जिन्हें हम 8 से 12 सप्ताह तक करते हैं, इनके बहुत ही बेहतर नतीजे सामने आते हैं।

**क्या कहती है स्टडीजः** इस अध्ययन में अध्ययनकर्ताओं द्वारा 14,321 नेचर बेस्ड इंटरवेंशंस यानी जो लोग प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रहे थे, उनके रिकॉर्ड के 50 अध्ययनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। इस अध्ययन के मुख्य लेखक डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ साइंसेज के डॉ. पीटर कन्वेंटरी का कहना है कि हम पहले से ही इस तथ्य से परिचित हैं कि प्रकृति से जुड़ना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन हमारे इस अध्ययन ने इस बात को और भी





पुख्ता कर दिया है कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में संलग्न होने से हमारा मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। प्रकृति से जुड़ी इन गतिविधियों को स्वयं किया जाए या दूसरों के साथ मिलकर किया जाए, सभी का फायदा होता है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि आउटडोर गतिविधियां शारीरिक स्वास्थ्य को कम, मानसिक स्वास्थ्य को ज्यादा सुधारती हैं। इस अध्ययन ने लोगों को इस बात के लिए भी उत्साहित किया है कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों को करने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर होता है। इसलिए इस अध्ययन ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़कर खुद को प्रकृति से जुड़ने की ओर उत्साहित किया है।

**तन-मन को मिले फायदाः** आज की मॉडर्न जीवनशैली में लोग अपना अधिकांश समय घर या दफ्तर के भीतर फोन, टेलीविजन या कंप्यूटर की स्क्रीन पर ही बिताते हैं। दिनभर ऑफिस में रहने के दौरान मानसिक रूप से थके होने के कारण हम तनाव का शिकार होते हैं और ऐसे में प्राकृतिक वातावरण में अगर हमारा तन और मन विश्राम पाते हैं तो हमारी एकाग्रता बढ़ती है और हमें खुशी की अनुभूति होती है। दिल को सुकून मिलता है। प्रकृति के बीच अपना समय बिताने के लिए वॉक करना, साइकिलिंग या लंबी दूरी तक पैदल चलना अच्छा लगता है। इससे हम वजन तो नियंत्रित रख ही सकते हैं। मासंपेशियों में तनाव कम होता है। हृदय प्रणाली पर दबाव कम होने से हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर भी कम हो जाता है। जो लोग प्रकृति के ज्यादा करीब रहते हैं, उनमें हृदय रोग की दर भी कम होती है। खुले वातावरण में रहने से विटामिन डी का शरीर में स्तर बढ़ता है, जो हड्डियों, रक्त कोशिकाओं और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण है।

**चिंता-अवसाद होते हैं कमः** रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिदंगी से कुछ देर प्रकृति के सान्निध्य में हमें मानसिक शांति मिलती है और हमारी रचनात्मक क्षमता भी बढ़ती है। कभी-कभी जब हम मानसिक रूप से थक जाते हैं और ताजी हवा के लिए घर से बाहर प्रकृति के नजदीक रहते हैं तो हम अपने को बेहतर पाते हैं। प्रकृति हमारी चिंता को कम करती है। तनाव व क्रोध घटाती है। हरियाली वाले स्थान में रहने से हमें अवसाद कम होता है। प्राकृतिक रोशनी में रहने से रात में नींद भी अच्छी आती है। *



## भारत की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी आई4सी के रिसर्च में बड़ा खुलासा

# देश में 40 करोड़ से ज्यादा गेमर्स, 8 करोड़ लत के शिकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में युवाओं के बीच कई ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स काफी पॉपुलर हैं। कई गेम्स को तो हर दिन करोड़ों यूजर्स खेलते हैं। हाल ही में भारत सरकार की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी आई4सी ने गेमिंग की लत और उसके दुष्प्रभाव को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी ने एक पोस्ट में बताया कि ऑनलाइन गेमिंग अब सिर्फ एंटरटेन्मेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अब युवाओं में लत बन गया है, जिसके बुरे प्रभाव अब दिखने लगे हैं। एजेंसी ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया है कि गेमिंग एडिक्शन का दिमाग पर क्या असर होता है। रिसर्च के मुताबिक, गेम बनाने वाली कंपनियां गेम्स को ऐसे डिजाइन करती हैं, ताकि प्लेयर उसे बार-बार खेले। गेम खेलने से दिमाग डोपामिन केमिकल रिलीज करता है, जिससे खेलने की इच्छा बढ़ जाती है और धीरे-धीरे यह लत बन जाती है।

### गेमिंग कंपनियां बार-बार खेले जाने वाले गेम डिजाइन कर रहीं

### गेम खेलने से दिमाग डोपामिन केमिकल रिलीज करता है, जो उत्तेजना पैदा करता



### चिड़-चिड़े होकर हारने में गुस्सा करने लगते हैं प्लेयर्स

आई4सी ने बताया कि गेम खेलने की लत की वजह से प्लेयर्स चिड़-चिड़े हो जाते हैं और हारने पर गुस्सा करते हैं या खुद को नुकसान भी पहुंचा लेते हैं। अगर प्लेयर से फोन लेने कि कोशिश की जाती है तो वे गुस्सा करते हैं और इतने नाराज हो जाते हैं कि सुसाइड करने तक का कदम उठा लेते हैं। ई-गेमिंग फेडरेशन के अनुसार, भारत में 40 करोड़ से अधिक गेमर्स हैं, जिनमें से लगभग 70% की उम्र 24 वर्ष से कम है। अनुमान है कि करीब 15-20% लोग गेमिंग की लत का शिकार हैं।

### गेमिंग की ऐसे छुड़ाएं लत

बच्चों में गेम की लत को समय पर पहचानना बहुत जरूरी है। इसे अचानक नहीं, बल्कि धीर-धीरे कम करने की कोशिश करें। इसे ऐसे समझें- यदि बच्चा 4 घंटे गेम खेलता है तो उसे पहले 3 घंटे पर सीमित करें। उसके बाद धीरे-धीरे आधा घंटा कम करते जाएं। बच्चा यदि खाली बैठा है तो उसे कुछ प्रोडक्टिव करना सिखाएं। जैसे- ड्राइंग, पेंटिंग, साइकलिंग, स्पोर्ट्स ,म्यूजिक या स्विमिंग जैसे काम सिखा सकते हैं। इससे बच्चे का ध्यान स्मार्टफोन पर नहीं जाएगा।

### खालिदा जिया के बेटे का दावा माना जा रहा मजबूत

# हिंसा और आगजनी के बीच बांग्लादेश में आज चुनाव, भारत की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश में गुरुवार को महत्वपूर्ण संसदीय चुनाव होने जा रहे हैं। ये चुनाव छात्रों के नेतृत्व में हुए विद्रोह के लगभग 18 महीने बाद हो रहे हैं। जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता को गिरा दिया था। उस समय अवामी लीग का नेतृत्व था। शेख हसीना की सत्ता जाने के बाद मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार ने कार्यभार संभाला था। देश में 13वें संसदीय चुनाव 84 सूत्री सुधार पैकेज पर जनमत संग्रह के साथ-साथ हो रहे हैं। हसीना की अवामी लीग को चुनावों में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है और बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) सबसे आगे चल रही है।

### छात्रों के नेतृत्व में हुए विद्रोह के लगभग 18 महीने बाद हो रहे हैं ये चुनाव



### बांग्लादेश चुनावों में बीएनपी सबसे आगे

बांग्लादेश के चुनाव दो राजनीतिक दलों, बीएनपी और उसके पूर्व सहयोगी जमात-ए-इस्लामी के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं। लेकिन बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के 60 वर्षीय बेटे तारिक रहमान, जो 17 वर्षों के स्वैच्छिक निर्वासन के बाद ढाका लौटे हैं। वह गुरुवार के चुनावों में सबसे आगे माने जा रहे हैं। रहमान ने रोजगार सृजन, कानून व्यवस्था बनाए रखने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बढ़ाने का वादा किया है।

### विशेषज्ञ बोले- अवामी लीग की भागीदारी के बिना निष्पक्ष-पारदर्शी नहीं ये चुनाव

बांग्लादेश में पिछले साल अगस्त महीने में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके पद से हटाकर देश निकाला देने के बाद लंबे वक्त तक चली हिंसा (केंद्र में रहे हिंदु व अन्य अल्पसंख्यक समुदाय) और आगजनी के बीच गुरुवार (12 फरवरी) को होने जा रहे चुनावों पर भारत बेहद करीब से नजर बनाए हुए है। मामला देश के लिए महज निकट पड़ोस के इलाके में होने जा रही लोकतांत्रिक मतदान प्रक्रिया तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इसका हमारे आंतरिक से लेकर भू-राजनीतिक नजरिए से क्षेत्र के समूचे सुरक्षा संतुलन पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। विदेश मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने हरिभूमि से बातचीत में कहा कि मैं, बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग के चुनाव लड़ने पर लगाई गई रोक के बाद यह मानता हूं कि ये चुनाव किसी भी लिहाज से समावेशी या पारदर्शी नहीं कहे सकते हैं। लेकिन फिर भी इन पर हमारी बारीक नजर रहेगी। बताते चलें कि शेख हसीना 2025 से ही भारत में शरण लेकर रह रही हैं। छात्रों के हिंसक सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच नई दिल्ली के पास आए उनके अचानक अनुरोध पर ही भारत की सरकार ने उन्हें देश में आने की मंजूरी प्रदान की थी। तब से लेकर आज तक वो यहां पर ही रह रही हैं।

### जमात की तुलना में बीएनपी ज्यादा फायदेमंद

पत्रकार कुमार ने कहा, अवामी लीग के बाहर हो जाने से पड़ोसी देश के चुनाव में फिलहाल दो प्रतिद्वंदी दल हैं। एक है जमात-ए-इस्लामी और दूसरा है बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी)। दोनों से वर्तमान समय में भारत के संबंध अच्छे हैं। चरमपंथी सोच वाले जमात के प्रतिनिधि भी भारत के खिलाफ बहुत ज्यादा आक्रामक रुख नहीं अपना रहे हैं। लेकिन फिर भी मैं यही कहूंगा कि बांग्लादेश में बीएनपी की सरकार बनना भारत के लिए ज्यादा मुफीद साबित होगा।

### बांग्लादेश चुनाव के आंकड़े

बांग्लादेश में 299 संसदीय क्षेत्रों में मतदान सुबह 7:30 बजे (स्थानीय समय) से शुरू होकर शाम 4:30 बजे तक चलेगा। उम्मीदवार की मृत्यु के कारण बांग्लादेश चुनाव आयोग ने एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान रद्द कर दिया है। कुल 50 राजनीतिक दलों के 1,755 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं और 273 निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने मतदान के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 9 लाख पुलिसकर्मियों की तैनाती की पुष्टि की है।

# केंद्रीय सुरक्षा बलों में 93 हजार से अधिक पद खाली, बजट कटौती पर उठे सवाल

### सुरजेवाला के सवाल पर केंद्र ने दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में बड़ी संख्या में खाली पदों और आधुनिकीकरण बजट में उतार-चढ़ाव को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठने लगे हैं। रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा लोकसभा में पूछे गए एक प्रश्न के लिखित उत्तर के हवाले से दावा किया गया है कि विभिन्न केंद्रीय सुरक्षा बलों में कुल 93 हजार 139 पद रिक्त हैं। इस मुद्दे को लेकर सरकार की भर्ती नीति और सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के दावों पर विपक्ष ने निशाना साधा है। कुल मिलाकर करीब 93 हजार139 पद खाली बताए गए हैं, जिसे विपक्ष ने 'लगभग एक लाख युवाओं को नौकरी से वंचित रखने' के रूप में प्रस्तुत किया है।



**खाली पद से केंद्रीय बलों पर अतिरिक्त दबाव !** गौरतलब है कि यही केंद्रीय बल सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, नक्सल विरोधी अभियान, हवाई अड्डों और संसद की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण दायित्व संभालते हैं। ऐसे में रिक्त पदों की बड़ी संख्या को लेकर यह सवाल उठाया जा रहा है कि क्या इससे बलों की कार्यक्षमता और जवानों पर काम का दबाव प्रभावित हो रहा है।

**विपक्ष का आरोप :** विपक्ष का आरोप है कि लगातार चार वर्षों तक बजट में कटौती की गई और फिर 2025-26 में अचानक बढ़ोतरी कर दी गई। सवाल यह उठाया जा रहा है कि जब देश की सुरक्षा में 10 लाख से अधिक जवान तैनात हैं, तो क्या यह राशि आधुनिक हथियारों, बॉर्डर टेक्नोलॉजी और जवानों की सुविधाओं के लिए पर्याप्त है? सरकारी सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा बलों में भर्ती एक सतत प्रक्रिया है और विभिन्न चरणों में चयन व प्रशिक्षण की वजह से पद अस्थायी रूप से रिक्त दिखाई देते हैं।

### सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित बजट

- 2021-22 – 281 करोड़
- 2022-23 – 248 करोड़
- 2023-24 – 202 करोड़
- 2024-25 – 181 करोड़
- 2025-26 – 352 करोड़

### किन बलों में कितने पद खाली?

- सीआईएसएफ – 28,342 पद
- सीआरपीएफ – 27,400 पद
- बीएसएफ – 14,531 पद
- आईटीबीपी – 12,333 पद
- एसएसबी – 6,784 पद
- असम राइफल्स – 3,749 पद

### रणवीर सिंह के बाद सलमान के रिश्तेदार को धमकी

मुंबई। मंगलवार को बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई थी, जिसके बाद अब सलमान खान के रिश्तेदार को करोड़ों रुपए न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। ये घटना मगंलवार की बताई जा रही है। आजतक की रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान के करीबी रिश्तेदार को ईमेल के जरिए धमकी दी गई है।

**CAVEAT NOTICE**

It is most humbly and respectfully submitted that vide order dated 14/08/2024, the State Government, Department of Health and Family Welfare has accorded its sanction for filling up total 650 posts of Staff Nurses, Psychiatric Nurse, OT Technician, Dental Technician, Assistant Grade III, Rural Health Convener (Male), Rural Health Convener (Female), Pharmacist Grade II, Dresser Grade I, Ward Boy and Ward Aaya through direct recruitment and pursuant to the said sanction order dated 14/08/2024, advertisements inviting applications from the interested aspirants have been issued on 24/09/2024, 13/08/2025, 16/06/2025 and 11/09/2025 for appointment in the aforesaid posts through competitive examination to be conducted by the Chhattisgarh Professional Examination Board. The said competitive examinations have already been conducted by the Chhattisgarh Professional Examination Board and the result thereof has already been supplied to the Directorate of Health Services. It is respectfully submitted that after receipt of the result from the Chhattisgarh Professional Examination Board, furher proceedings have been initiated for filling up the aforesaid divisional and district level posts by constituting the Selection Committees vide orders dated 13/01/2026 and the same is in the way. It is apprehended that the aggrieved persons / proposed petitioners may approach this Hon'ble Court challenging the aforesaid proceedings initiated for filling up the aforesaid divisional and district level posts, by way of preferring petitions and may pray for an interim order against the same as well. In the event of filing of such a petition, it would be imminent in the interest of justice to afford an opportunity of being heard to the Caveators/State Government before passing any order whatsoever.

The address for notice to the caveator is being given hereinbelow.

**"The Advocate General,**
**Office of the Advocate General,**
**Chhattisgarh High Court Campus,**
**Bodri, Bilaspur (CG.)"**

BILASPUR
DATED

YDR. SAURABH KUMAR PANDE, DY AG)
COUNSEL FOR THE CAVEATOR/STATE

G-252606601/3

# भारत और ब्रिटेन ने सामाजिक सुरक्षा समझौते पर किए हस्ताक्षर

### अस्थायी विदेश नियुक्तियों को मिलेगी राहत



लिंडी कैमरून और विक्रम मिसरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड उत्तरी आयरलैंड के बीच सामाजिक सुरक्षा योगदान से जुड़ा एक अहम समझौता संपन्न हुआ है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों के बीच टैलेंट की मोबिलिटी को बढ़ावा देगा और अस्थायी विदेश नियुक्तियों पर जाने वाले कर्मचारियों को दोहरे सामाजिक सुरक्षा योगदान से राहत दिलाएगा। विदेश सचिव विक्रम मिसरी और भारत में ब्रिटेन की हाई कमिश्नर लिंडी कैमरून सीबी ओबीई ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत सरकार और ब्रिटेन सरकार के बीच सोशल सिक्योरिटी सहयोग से जुड़े इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### ईरान का अमेरिका को दो टूक संदेश

# परमाणु संयंत्रों के निरीक्षण की इजाजत पर हमारी संप्रभुता से 'समझौता' नहीं

एजेंसी ⏭ तेहरान



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन का कहना है कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम का किसी भी तरह का निरीक्षण कराने को तैयार है और स्पष्ट किया कि तेहरान परमाणु हथियार के पक्ष में नहीं है। ईरान की इस्लामिक क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हम परमाणु हथियार हासिल नहीं करना चाहते। हमने यह बार-बार कहा है और किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में ज्यादा मांगों के आगे नहीं झुकेगा। अमेरिका और यूरोप ने अपनी बातों और बयानबाजी से संदेह की ऊंची दीवार खड़ी कर दी है, जिससे बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। पेजेशकियन ने कहा कि हमारा देश, ईरान, उनकी ज्यादा मांगों के आगे नहीं झुकेगा। हमारा ईरान हमले के आगे नहीं झुकेगा, लेकिन हम इस इलाके में शांति और सुकून कायम करने के लिए पड़ोसी देशों के साथ पूरी ताकत से बातचीत जारी रखे हुए हैं। ईरान के लोग अपनी क्रांति को बचाने, नेतृत्व के साथ चलने और मूल्यवान जन्मभूमि की रक्षा करने के लिए लाखों की संख्या में सामने आए हैं।

### नाबालिग रेप : गोवा के मंत्री बरी

पणजी। पणजी की स्पेशल कोर्ट ने गोवा के भाजपा विधायक और मंत्री अतानासियो मोनसेराटे को बुधवार को बरी कर दिया। यह केस करीब 10 साल पुराना है मोनसेराते पर 2016 में नाबालिग से रेप का आरोप लगा था। वे राजस्व विभाग संभालते हैं। स्पेशल जज इरशाद आगा ने मंत्री को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ....... अ-3 / वर्ष 2026

सारागांव दिनांक 10.02.2026

ग्राम- तर्रा प.ह.न. 11 रा.नि.म. रायपुर 16 सारागांव

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रवि प्रकाश गुप्ता पिता श्री ओमदत्त गुप्ता निवासी ग्राम धनेली-2 माना, रायपुर छ.ग. के द्वारा संविलियन करवाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम तर्रा, प.ह.नं. 11, रा.नि. म. रायपुर 16 सारागांव तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नंबर 920/2, 919, 916/3, 916/5, 916/10, 908, 916/7, 916/9, 918, 921/2, 935/2, 916/1,910, 920/3, 922/2, 922/1, 935/1, 921/1, 921/3, 920/1, 939, 907, 911, 912, 938, 916/4, कुल खसरा 26 कुल रकबा 5.3843 हे. भूमि राजस्व अभिलेखो में धारित की जाती है। उपरोक्त भूमि राजस्व अभिलेख व पटवारी अभिलेख में तथा आनलाईन भुंईया में शामिल विभिन्न खसरा के रूप में दर्ज है। अतः शासन द्वारा आदेशित नियम के अनुसार विभिन्न खसरा नंबरों में शामिल भूमि/भूखण्ड को एक खसरा नंबर दर्ज कर आनलाईन रिकार्ड दुरूस्त किया जाकर अभिलेख दुरूस्त किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 25/02/2026 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार,**
**उप तहसील सारागांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संभाग -02 रायपुर (छ.ग.)**

**:: द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना ::**

**विज्ञापन क्र.- 390**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-02 शंकर नगर रायपुर के अंतर्गत सामान्य आवास योजनांतर्गत ग्राम-मुनगी में प्रस्तावित 28 नग एल.आई.जी. भवनों के निर्माण एवं शेष विकास कार्य हेतु द्वितीय बार ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य की विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल की वेबसाईट **www.cghb.gov.in** पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यालयीन समय पर कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग-02 शंकर नगर रायपुर में संपर्क कर सकते है

**कार्यपालन अभियंता**
**मो.नं. 9424209041**

S-46856/1

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**

नगर निगम मुख्यालय, गांधी मैदान के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं.- 0771-2535780, 90 फैक्स - 0771 2227395
Email : dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक/958/SBM/न.पा.नि./2025-26 रायपुर, दिनांक : 11/02/2026

नगर पालिक निगम, रायपुर सीमा क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जीवीपी पर निगरानी हेतु सीसीटीवी स्थापना कार्य की निविदा आमंत्रण जेम के माध्यम से किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है -

| बिड संख्या | कार्य का नाम | स्वीकृत राशि |
| --- | --- | --- |
| GEM/2026/B/7204584 | जीवीपी पर निगरानी हेतु सीसीटीवी स्थापना एवं रखरखाव कार्य | 100.00 लाख |

टीपः– उपरोक्त कार्य हेतु अन्य जानकारी https://gem.gov.in के माध्यम से प्राप्त कर सकते है ।

**कार्यपालन अभियंता (SBM)**
**नगर पालिक निगम,**
**रायपुर (छ.ग.)**

Clean City, Green City, Dream City

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथिः- 03/03/2026**

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 224/ 2025-26 दिनांक 09/02/2026 | 185265 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लाक-भैरमगढ़ के फुडरी-बेलनार-पालेवाया-पुन्नावाया नाला के आर-पार रपटा ब्रिज का निर्माण (लम्बाई 10.00 मीटर) कि.मी. 3/10। | 13.81 |
| 2 | 225/ 2025-26 दिनांक 09/02/2026 | 185266 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लाक-भैरमगढ़ के फुडरी-बेलनार-पालेवाया-पुन्नावाया नाला के आर-पार रपटा ब्रिज का निर्माण (लम्बाई 10.00 मीटर) कि.मी. 7/10। | 13.81 |
| 3 | 226/ 2025-26 दिनांक 09/02/2026 | 185267 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर,ब्लाक-भैरमगढ़ के फुडरी-बेलनार-पालेवाया-पुन्नावाया नाला के आर-पार रपटा ब्रिज का निर्माण (लम्बाई 10.00 मीटर) कि.मी. 8/10 । | 13.81 |
| 4 | 227/ 2025-26 दिनांक 09/02/2026 | 185268 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लाक-उसूर के पुजारीकांकेर कमलापुर पहुंच मार्ग के कि.मी. 2/2 में 30 पंक्ति 1000 एम.एम. एच.पी.सी. रपटा ब्रिज का निर्माण। | 73.51 |
| 5 | 228/ 2025-26 दिनांक 09/02/2026 | 185269 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लाक-उसूर के पुजारीकांकेर कमलापुर पहुंच मार्ग के कि.मी. 2/8 में 11 पंक्ति 1000 एम.एम. एच.पी.सी. रपटा ब्रिज का निर्माण। | 35.78 |
| 6 | 229/ 2025-26 दिनांक 09/02/2026 | 185270 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लाक-बीजापुर के फुडरी से बेलनार नाला के आर-पार रपटा ब्रिज का निर्माण (लम्बाई 20.00 मीटर) कि.मी. 3/10 । | 29.59 |
| 7 | 230/ 2025-26 दिनांक 09/02/2026 | 185271 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लाक-उसूर के पुजारीकांकेर-कमलापुर पहुंच मार्ग के कि.मी. 1/8 में 07 पंक्ति 1000 एम.एम. एच.पी.सी. रपटा ब्रिज का निर्माण। | 27.41 |
| 8 | 231/ 2025-26 दिनांक 09/02/2026 | 185272 (प्रथम आमंत्रण) | जिला-बीजापुर, ब्लाक-उसूर के उसूर से मालेमपेंटा पहुंच मार्ग के कि.मी. 23/8 में 10 पंक्ति 1000 एम.एम. एच.पी.सी. रपटा ब्रिज का निर्माण। | 27.49 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग,**
**बस्तर मंडल जगदलपुर**

G-252606615/4

**कार्यालय कलेक्टर जिला उत्तर बस्तर कांकेर एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**// प्रारंभिक अधिसूचना//**

63 कांकेर, दिनांक 09/02/2026

**प्र.क्रमांक/202406141400012/अ-82/2024-25** चुंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि, नीचे अनुसूची के कालम (1) से (5) में दर्शित भूमि की, अनुसूची के कालम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन तथा पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम, 2013 कहा जावेगा) की धारा 11 की उप-धारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन, एतद् द्वारा अनुसूची के कालम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

**अनुसूची**


| जिला | तहसील | ग्राम/ प.ह.नं. | भूमि का प्रकार | | | | | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | | | | 5 | 6 |
| उत्तर बस्तर कांकेर | भानुप्रतापपुर | ग्राम दमकसा एवं तरहुल | 381/3 | 490.00 | 281/3 | 100.00 | 70 | 276.00 | कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स). संभाग भानुप्रतापपुर | संबलपुर - सिलपट मार्ग लंबाई 21.40 कि.मी. चौडीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य |
| | | | 381/4 | 240.00 | 134/2 | 128.00 | 148/8 | 144.00 | | |
| | | | 381/2 | 138.00 | 281/2 | 102.00 | 148/5 | 108.00 | | |
| | | | 381/1 | 84.00 | 281/1 | 112.00 | 148/2 | 96.00 | | |
| | | | 376/1 | 0.08 | 134/3 | 128.00 | 148/1 | 106.00 | | |
| | | | 379 | 0.10 | 134/4 | 72.00 | 140 | 154.00 | | |
| | | | 385/1 | 0.08 | 135 | 404.00 | 141 | 40.00 | | |
| | | | 342/2 | 90.00 | 259 | 297.00 | 142 | 156.00 | | |
| | | | 134/1 | 120.00 | 86 | 42.00 | 260/1 | 148.00 | | |
| | | | 282/3 | 312.00 | 83/1 | 444 | 275/1 | 56.00 | | |
| | | | 282/1 | 64.00 | 72/1 | 492.00 | 275/2 | 112.00 | | |
| | | | कुल खसरा नंबर 33 रकबा 0.260 हे. एवं 5465.00 वर्गमीटर | | | | | | | |

यह भी सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक सामाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा/आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उप-धारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।

3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (रा)/ भू-अर्जन अधिकारी, भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) के कार्यालय में किया जा सकता है ।
4. प्रस्तावित भू-अर्जन में किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है ।
5. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम, 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.) को पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

**छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से**
**तथा आदेशानुसार**
**(निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर)**
**कलेक्टर**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन,**
**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

G- 252606600/1



# टॉक्सिक ने रिलीज से 46 दिन पहले कमा लिए 105 करोड़

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर आग लगाने से पहले ही टॉक्सिक ने खेल के सारे नियम पलट दिए हैं। फिल्म ने सबसे पहले तब सुर्खियां बटोरीं जब यह आंध्र प्रदेश–तेलंगाना मार्केट में दिल राजू के दमदार बैनर श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस के साथ 120 करोड़ रुपए का ऐतिहासिक डिस्ट्रीब्यूशन सौदा करने वाली पहली गैर-तेलुगु फिल्म बनी। टॉक्सिक की रिलीज से पहले की जर्नी का एक और विशाल पड़ाव डील को भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी ओवरसीज डील्स में गिना जा रहा है, जिसमें 105 करोड़ रुपए एडवांस के तौर पर कमीशन बेसिस पर सुरक्षित किए गए हैं।


## लाइफ Style

# श्रीलीला
## एमबीबीएस की डिग्री हासिल की

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रीलीला ने अपनी मेडिकल की डिग्री की पढ़ाई पूरी कर ली है। अल्लू अर्जुन स्टारर मास एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 में 'किसिक' आइटम सॉन्ग करने वाली एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वह अपनी मेडिकल की डिग्री हासिल करती दिख रही हैं।

साउथ सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस श्रीलीला ने अपनी मेडिकल की डिग्री की पढ़ाई पूरी कर ली है। अल्लू अर्जुन स्टारर मास एक्शन ड्रामा फिल्म पुष्पा 2 में 'किसिक' आइटम सॉन्ग करने वाली एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वह अपनी मेडिकल की डिग्री हासिल करती दिख रही हैं। फिल्मों के साथ-साथ एक्ट्रेस अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान दे रही है। एक्ट्रेस ने अपनी एमबीबीएस की डिग्री पूरी कर ली है। इस वीडियो में श्रीलीला की खुशी देखते ही बन रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। एक्ट्रेस के फैंस उन्हें पढ़ाई पूरी होने पर बधाई भी दे रहे हैं। इस वीडियो में आप देखेंगे कि श्रीलीला ने रेड कलर का डिग्री कॉस्ट्यूम पहना हुआ है। एक्ट्रेस के हाथ में डिग्री और चेहरे पर लंबी मुस्कान है। वह अपने साथियों के साथ चिल करती नजर आ रही हैं। श्रीलीला की मेडिकल की पढ़ाई 2020 में शुरू हुई थी और अब वह डॉक्टर बन चुकी हैं। वीडियो में श्रीलीला की यह खुशी देखते ही बन रही है। अब उनके फैंस इस वीडियो पर रिएक्ट कर उन्हें बधाई दे रहे हैं।



# माचिस के डिब्बे पर धुन, सिगरेट के पैकेट पर पंचम दा ने लिखा गाना...

*__नई दिल्ली।__ संगीत और सिनेमा, ये संबंध अनूठा है और निराला है। जहां सिनेमा होगा, वहां संगीत का जिक्र जरूर होगा। कहते हैं कि कुछ धुनें कागजों पर नहीं, यादों की परतों और वक्त की सिलवटों पर लिखी जाती हैं। हिंदी सिनेमा का एक दौर वो था, जब धुनें दिलों को सुकून देने वाला काम करती थीं। आज के 'डिजिटल दौर' में यकीन करना मुश्किल है कि उस वक्त एक ऐसा गाना बना, जो माचिस की तीली से निकलकर सिनेमा के रूहानी पर्दे तक पहुंचा। आइए जानते हैं दिल को छूने वाले उस ब्लॉकबसल्टर गाने के पीछे की दास्तां...*

## 65 साल बाद भी अमर है मोहम्मद रफी का ये गीत

### कैसे बना एस डी बर्मन का ये गाना?

*आज जिस गाने की बात हम कर रहे हैं असल में वो कोई और नहीं बल्कि साल 1960 में आई फिल्म 'काला बाजार' का गाना 'खोया-खोया चांद' है। इस गाने को आपने खूब सुना होगा, इस पर खूब आप वाइब करते हुए नजर आए होंगे लेकिन असल में इस गाने के बनने के पीछे की कहानी उतनी ही दिलचस्प है। इस गाने में वहीदा रहमान और देव आनंद की गजब कैमिस्ट्री दिखी थी पर असल में उस कैमिस्ट्री को दिखाने के लिए आर डी बर्मन ने काफी मेहनत की थी। ये किस्सा है उस दौर का है जब महान संगीतकार एस.डी. बर्मन ने इस गाने की जिम्मेदारी अपने बेटे अपने बेटे आर डी बर्मन को दी थी। दरअसल, इस फिल्म के प्रोड्यूसर देव आनंद खुद ही थे और उन्होंने शैलेंद्र को फिल्म के गीत लिखने को कहा। उस वक्त शैलेंद्र दूसरे कामों में व्यस्त थे, हालांकि इधर एस डी बर्मन ने गाने की धुन तैयार कर ली थी। जब शैलेंद्र ने एस डी बर्मन को कोई जवाब नहीं दिया तो उन्होंने बेटे आर डी बर्मन से कहा कि वो उनके घर जाएं और गाना लिखवाकर ही वापस आएं।*



### समंदर के किनारे लिखा गया गीत


*आर डी बर्मन अपने पिता एस डी बर्मन की बात मानकर शैलेंद्र के पास गए। जब वो वहां पहुंचे तो उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि, उन्हें आज गाना चाहिए। काफी देर हो गई तो दोनों लोग जुहू बीच पर चले गए। शैलेंद्र लगातार सिगरेट फूंके जा रहे थे, क्योंकि उन्हें गाने की लाइनें समझ नहीं आ रही थीं। रात के करीब 11 बज चुके थे। जाहिर है, उस दौर में इतनी रात तक बाहर घूमना और वो भी जुहू बीच पर सही नहीं था।*

# 69 की उम्र में एक्शन करते दिखे अनिल

**मुंबई।** बॉलीवुड के एवर यंग एक्टर अनिल कपूर अब 69 साल की उम्र में एक्शन अवतार में वापसी कर रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सूबेदार' का टीजर बुधवार को रिलीज हुआ है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। 'सूबेदार' 5 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म के टीजर की शुरुआत अनिल कपूर और फैसल मलिक के सीन से होती है। टीजर में दिखाया जाता है कि अनिल कपूर के आसपास कुछ ऐसा होता है, जिससे उन्हें गुस्सा आता रहता है। लेकिन वो उस पर काबू करते रहते हैं। लेकिन अंत में उनका गुस्सा फूट जाता है और वो एक्शन मोड में नजर आते हैं। टीजर देखकर ऐसा लगता है कि



कहानी बुंदेलखंडी पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। टीजर में अनिल कपूर की आवाज में बुंदेलखंडी में डायलॉग भी सुनाई देता है। जिसमें वो कहते हैं कि 'लाला हमसे न भिड़ियो,' जिसका मतलब है कि 'बेटा हमसे न टकराना।' टीजर के साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। 'सूबेदार' 5 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म की कास्ट और कहानी के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।



# रणबीर के संस्कार देख हैरान हो गईं हिमानी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हिमानी शिवपुरी अक्सर बॉलीवुड से कई बेहतरीन किस्से साझा करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने रणबीर कपूर से जुड़ा हुआ किस्सा साझा किया है। शिवपुरी ने इंस्टाग्राम पर रणबीर कपूर के साथ एक तस्वीर शेयर की। इसके साथ उन्होंने उनसे जुड़ा किस्सा बताया। 100 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुकीं हिमानी शिवपुरी ने रणबीर कपूर के साथ मुलाकात को यादगार बताया है। रणबीर के साथ तस्वीर शेयर करते हुए हिमानी शिवपुरी ने इंस्टाग्राम पर लिखा 'रणबीर से मिलकर बहुत अच्छा लगा! इतने मिलनसार, विनम्र और प्रतिभाशाली अभिनेता! उन्होंने उठ कर मेरे पैर छुए और मेरी तारीफ करते हुए कहा, 'मैडम, आप बिल्कुल वैसी ही दिखती हैं! वाह, रणबीर का आकर्षण और उनके संस्कार! रणबीर कपूर ने 'आ अब लौट चलें' के दिनों की याद दिला दी। उस वक्त वह अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे और सेट पर आते थे। चिंटूजी उन्हें मेरे साथ नाटक देखने के लिए जाने को कहते थे।'

***शानदार थी रणबीर की मेहमाननवाजी :*** *हिमानी शिवपुरी ने आगे लिखा, 'अमेरिका की मेरी पहली यात्रा में, खरीदारी के अलावा मैं ब्रॉडवे शो भी देखती थी। अद्भुत आउटडोर शो, रणबीर की शानदार मेहमाननवाजी। हमने सतीश कौशिक, परेश रावल, सरोज खान और कभी-कभी ऐश के साथ 'कैट्स', 'फैंटम ऑफ द ओपेरा', 'साउंड ऑफ म्यूजिक' और कई शो देखे। वाह, क्या समय था!'*

## कंपोजर भागीरथ बिग बॉस 20 में हो सकते हैं शामिल



**नई दिल्ली।** हाल ही में 'बिग बॉस 19' खत्म हुआ है। अब दर्शकों के बीच 'बिग बॉस 20' को लेकर उत्साह है। फैंस बेसब्री से इस चीज का इंतजार कर रहे हैं कि अगले सीजन में कौन नजर आ सकता है। सोशल मीडिया पर जो नाम चर्चा में हैं, उनमें मशहूर सितार बजाने वाले और कंपोजर भागीरथ भट्ट भी हैं। उनके म्यूजिक ने लाखों दिलों को जीता है। भागीरथ ने फिल्म पद्मावत', 'भूल भुलैया 3', और 'बॉर्डर 2' जैसी बेहतरीन फिल्मों में अपने काम के लिए पहचान बनाई है। भागीरथ भट्ट ने भारत और विदेश में परफॉर्म किया है। उनके कलेक्शन में भक्ति और आध्यात्मिक संगीत भी शामिल हैं। रियलिटी शो में उनके हिस्सा लेने के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, उनके करीबी लोगों का कहना है कि भागीरथ भट्ट रियलिटी टेलीविजन से ज्यादा म्यूजिक बनाने पर ध्यान देते हैं।

## 36 की उम्र में डिप्रेशन में चले गए थे कपिल



**नई दिल्ली।** एक्टर और कॉमेडियन कपिल शर्मा ने शेयर किया कि वे कैसे 36 की उम्र में डिप्रेशन में चले गए थे। साथ ही उन्होंने बताया कि पापा के जाने के बाद उनकी जिंदगी कैसे बिखर गई थी। कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा का सफर बिल्कुल आसान नहीं रहा। उनकी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव आए। कभी बड़ी सफलता मिली, तो कभी मुश्किल समय भी देखा। लेकिन हर बार वो संभलकर फिर से खड़े हुए। इतना सब देखने के बाद अब वे कहते हैं कि जिंदगी का हर दौर उन्हें कुछ न कुछ सिखाकर गया है। एक इंटरव्यू में कपिल ने अपने डिप्रेशन को लेकर खुलकर बातचीत की। उन्होंने कहा, 'हर दौर की अपनी एक अलग बात थी। बचपन अलग था। जब पापा साथ थे, वो समय अलग था। 2004 में जब पापा का निधन हुआ, तो जिंदगी पूरी तरह से बिखर गई।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisement booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- नियोजन अधिकारी प्रतिदिन 500 से 5000 कमाने का सुनहरा अवसर, वर्किंग पार्टनर, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली **संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7747000016, 7746000016.** (RO-348)

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job. 3rd floor, Radhey Chambers, Pandri.Contact **7999611198, 9131205196;** Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- घरेलु गाड़ी व एम्बुलेंस चलाने 2 ड्राइवर की आवश्यकता है, रहने की सुविधा **संपर्क:- बांठिया हॉस्पिटल राजा तालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009.** (RO-524)

आवश्यकता है- ड्राइवर चाहिए बैटरी ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए लोकल दुर्ग भिलाई घूमना है भिलाई वाले ही संपर्क करें लाइसेंस एवं स्मार्टफोन अनिवार्य कार्य लंबे समय के लिए **संपर्क 810 393 33739.** (आरो नं.-223)

**सुरक्षागार्ड**

आवश्यकता है- बेरोजगार युवा आज ही नौकरी पाइए! पद – सिक्योरिटी गार्ड योग्यता – 5वी से 12वीं पास,ग्रेजुएट भी मान्य सुविधा – रहने व खाने की व्यवस्था उपलब्ध वेतन – 9,500 से 18,000 प्रति माह लोकेशन – नया रायपुर । रायपुर । रायगढ़ । **आज ही कॉल करें और नौकरी पक्की करें 9201958117, 9201958118.** (RO-6547)

**मशीन ऑपरेटर**

आवश्यकता है- वायर ड्राइंग मशीन चलने वाले अनुभवी ऑपरेटर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार । **संपर्क करे - 8889995518, 9589070070, 7974007179.** (RO-484)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप में पेट्रोल डीजल डालने हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। (रहना + खाना फ्री लड़को के लिए) वेतन योग्यतानुसार पता- HP **अंजार फ्यूल्स पेट्रोल पंप शंकर नगर चौक रायपुर संपर्क करें - 9340741230.** (RO-6666)

**पैकिंग/हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है- पैकिंग एवं हेल्पर कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है गांव के लड़कों को रहने की सुविधा उपलब्ध **पता- अशोक इंटरप्राइजेस आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मो.- 8770676924.** (RO-152)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**टीचर**

Wanted- A Female School Teacher From DPS, KPS, N.H. Goel, Gyan Ganga School For 10th Class Student Salary 20,000/- p.m. Place- Shankar Nagar Raipur mobile **8827674988, 7224993938.** (RO-6668)

WANTED PRINCIPAL- B.ED, PG, 3 YEAR EXPERIENCE- ENGLISH MEDIUM ADMINISTRATOR- PG, TEACHERS B.ED, D.ELD, EXPERIENCES FOR BOTH BRANCH CONTACT- SAI PUBLIC SCHOOL PANDRIPANI MO.- **8319371342** (आरो-222)

**वेटर**

आवश्यकता है- वेटर चाहिए रूम सर्विस कार्य हेतु वेटर होटल गिरधर भवन, सदर बाजार, रायपुर के लिए चाहिए, वेतन योग्यतानुसार **संपर्क प्रातः 10 से 5 बजे तक- मोबाइल 9300098443, 9993044133.** (RO- 1450)

**मिस्त्री**

आवश्यकता है- **मिठाई एवं नाश्ता बनाने के लिए हलवाई मिस्त्री की आवश्यकता है मिस्त्री का वेतन 18000 से 30000) एवं होटल में काम करने हेतु लड़के चाहिए (लड़के का वेतन 9000 से 18000) पता- यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 9300521234.** (RO-39887)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घरेलु काम एवं खाना बनाने के लिए महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **पता- कालीबाड़ी रायपुर संपर्क करें - 9827140065.** (RO-6671)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है - ऑफिस कार्य हेतु लड़कियां व औरतें (Girls or Ladays ) लड़कियों व औरतों की तुरंत आवश्यकता है । योग्यता- 5वी, 8वी, 10वी, ग्रेजुएशन सभी मान्य है । **पता - भिलाई पावर हाऊस तीन दर्शन मंदिर के पास (छ.ग.) संपर्क करें- मो. 9630371527, 9516251160.** (RO-6672)

आवश्यकता है- रायपुर देवेन्द्र नगर में ऑफिस कार्य के लिए युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन 6000 से 7000 तक **सम्पर्क करें- 9579931943.** (RO-39937)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- चायपत्ती के पैकिंग कार्य के लिए लड़की व लेडिस एवं लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क करें - 74699-80000, 0771-4075490.** (RO-6670)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल दुकान में लड़कों एवं लड़कियो की आवश्यकता कंप्यूटर कार्य मे दक्ष समय सुबह 10 से 9, **संपर्क श्री कृष्णा टेंट एजेंसी अश्वनीनगर लाखेनगर ढाल रायपुर 9893231252.** (RO-151)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- सदर बाजार रायपुर स्थित दुकान में काम करने के लिए मेहनती लड़को एवं लड़कियों की आवश्यकता है । **संपर्क करें** Mob. **8982763630.** (RO-om)

**ऑफिस बॉय**

आवश्यकता है- सदर बाजार हलवाई लाइन में (जामा मस्जिद के पास) ऑफिस कार्य करने हेतु ऑफिस बॉय (लड़के) की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें:- 9754808388.** (RO-7390)

**ऑपरेटर/अकाउन्टेंट**

आवश्यकता है- बर्जर पेंट्स शॉप में एक कंप्यूटर ऑपरेटर/ एकाउंटेंट (male/female) की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यतनुसार **अमृत सेल्स कॉर्पोरेशन, स्टेशन रोड, रायपुर मोबः 9827174205.** (RO-483)

**Property प्रापर्टी**

**फर्नीचर**

बेचना है- फर्नीचर बेचना है सुपर मार्केट फर्नीचर बेचना है रैक, शेल्फ व कंप्यूटर किसी भी रिटेल दुकान के लिए उपयुक्त, वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें प्रात 10:30 से 5:00 तक **संपर्क- 8815858185.** (RO-7391)

**मकान**

मकान बेचना है- दुर्ग शहर के टॉप लोकेशन न्यू आदर्श नगर, मीनाक्षी नगर, वृंदावन नगर में 2BHK, 3BHK, 4BHK मकान उपलब्ध एवं बोरसी में 700/-से 2200/- रुपए फिट तक के प्लाट उपलब्ध फाइनेंस सुविधा के साथ **संपर्क - 7888098366.** (आरो न.-10376)

क्लासीफाईड

**कृषि भूमि**

बेचना है- कृषि भूमि 9.78 एकड़ 4 मोटर पंप, अर्जुंदा से डंगनिया दुर्ग रोड पर। राइस मिल, पोल्ट्री फार्म, औद्योगिक उपयोग हेतु अति उत्तम। **संपर्क- 97524 - 08700.** (आरो न.-221)

**Medical चिकित्सा**

आवश्यकता है- एक प्रतिष्ठित NGOहेतु आयुर्वेदिक चिकित्सक (BAMS /BHMS), मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (किसी भी डिग्री) टीम लीडर (अनुभवी),जनसंपर्क अधिकारी (डिग्री/MSW)कंप्यूटर ऑपरेटर (पीजीडीसीए ), कैनवॉशिंग कार्यकर्ता( 12वीं ,/डिग्री ) ,काउंसलर,( डिग्री / अनुभव) , सर्वे लड़के/ लड़कियां( 12वीं /डिग्री,), चालक (lmv ) **संपर्क रेट्रो हुमन केयर फाऊंडेशन भिलाई-9301986339, 0788 4224323.** (आरो न.-218)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध (2% ब्याज) (30% छूट) **संपर्क:- 7587708423.** (RO-519)

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह" तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad
6263818152

हमारा आशियाना




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

**इसे जरूर पढ़िये और समझिये**

क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है।

ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं है, ये खुरापाती नीम हकीम आपको भ्रम में डालकर पागल बनाकर ही छोड़ेंगे सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं।

आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. बी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा साईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

## जैकेट के शेष

### 1 अप्रैल से फाइबर ....
सरकार ने पिछले साल 67 नई शराब दुकानें खोलने की अनुमति दी थी। इनमें से 35 दुकानें जन विरोध के कारण खुल नहीं पाई थीं, नई नीति में इन बाकी दुकानों को खोलने का रास्ता साफ किया गया है।

### रीसाइकिल हो सकेंगी ....
के संबंध में छत्तीसगढ़ प्लास्टिक और अन्य जैव-अनाशित सामग्री (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) नियम, 2023 में निहित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### पिछले साल नहीं ....
मदिरा दुकान विहीन क्षेत्र, उपयोजना क्षेत्र तथा अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध मदिरा विक्रय पर नियंत्रण के उद्देश्य से संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा नियमानुसार समस्त प्रक्रिया का पालन कर नवीन मदिरा दुकान खोले जाने का प्रस्ताव प्रेषित किये जाने पर नवीन मदिरा दुकान खोली जा सकेगी।

### जरूरत के हिसाब ....
को भेजा जाएगा, जिस पर शासन निर्णय के बाद नवीन प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान खोली जा सकेगी।

### देशी की बोतल ....
आरपीईट बोतलों में किया जाएगी। विदेशी मदिरा स्प्रिट के न्यूनतम ड्यूटी दर वाली मदिरा को छोड़कर शेष ड्यूटी दरों वाली विदेशी मदिरा स्प्रिट की आपूर्ति कांच की बोतलों अथवा फूड ग्रेड आरपीईटी) बोतलों में किये जाने की सुविधा विनिर्माता,प्रदायकर्ता इकाईयों को होगी। किसी ब्राण्ड या लेबल का प्रदाय केवल कांच की बोतल अथवा आरईपीटी बोतलों में किया सकेगा अर्थात दोनों तरह की बोतलों में नहीं किया जा सकेगा। इस मामले में भी छत्तीसगढ़ प्लास्टिक और अन्य जैव-अनाशित सामग्री (उपयोग और निस्तारण का विनियमन) नियम, 2023 में निहित प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश हैं।

### होली के पहले ....
धान के मूल्य के अंतर की राशि के रूप में लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होली त्योहार से पहले एकमुश्त किया जाएगा।

### कृषक उन्नति योजना ....
के तहत राज्य के किसानों को धान के मूल्य के अंतर के रूप में 25 हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। इस साल होली से पूर्व किसानों को 10 हजार करोड़ रुपए का भुगतान होने से यह राशि बढ़कर 35 हजार करोड़ रुपए हो जाएगी।

### बजट प्रारूप का ....
के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

### राहुल ने कहा-'भारत ....
मोदी और सरकार पर निशाना साधते हुए अमेरिका में एक भारतीय उद्योगपति के खिलाफ दर्ज मामले और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एक प्रकरण का उल्लेख किया, जिस पर पीठासीन सभापति ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि यह रिकॉर्ड में शामिल नहीं होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने जो आरोप लगाए हैं उन्हें उन आरोपों को सत्यापित करना चाहिए, जिस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि वह इसके लिए तैयार हैं। राहुल गांधी ने कहा, मुझे सबसे ज़्यादा हैरानी इस बात पर हुई कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते में क्या हुआ। अगर हम 'इंडिया' गठबंधन (की सरकार में) अमेरिका के राष्ट्रपति से बातचीत कर रहे होते, तो हम एक बात बिल्कुल साफ़ करते कि इस पूरे समीकरण में सबसे महत्वपूर्ण पूंजी भारतीय डेटा है। अगर अमेरिका डॉलर को सुरक्षित रखना चाहता है, तो उसे यह मानना होगा कि भारतीय डेटा एक रणनीतिक पूंजी है और किसी भी चर्चा को बराबरी के स्तर पर होना चाहिए, मालिक और नौकर की तरह नहीं। उन्होंने आगे कहा, हम यह भी स्पष्ट करते कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं हो सकता और जहां अमेरिका अपने किसानों की रक्षा करेगा, वहीं हम अपने किसानों की रक्षा करेंगे। 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बराबरी की ताकत की तरह बातचीत करती, भारत को पाकिस्तान के बराबर नहीं खड़ा करने देती और ऐसे किसी भी प्रतीकात्मक अपमान पर कड़ा विरोध दर्ज कराती।

### आउट-ऑफ टर्न-प्रमोशन ....
हाईकोर्ट ने डीजीपी को दो महीने के भीतर निराकरण करने का आदेश दिया है। दरअसल, कांकेर जिले में पदस्थ पुलिस जवान दीपक कुमार नायक, अग्नु राम कोर्राम और संगीत भास्कर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने बताया कि 15 और 16 अप्रैल 2024 को बीएसएफ के साथ संयुक्त रूप से चलाए गए बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन में तीनों जवान शामिल थे।

### सूखा नशे के ....
दौरान पुलिस को आरक्षक के पास हेरोइन चिट्टा होने की जानकारी मिली। आरक्षक को टिकरापारा तथा आजाद चौक थाने की पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा है। **हिमांशु बर्मन जो मूलतः** कबीरधाम जिले के रहने वाला है, उसे पुलिस ने मठपारा नीलकंठेश्वर मंदिर के पास से ट्रेस किया। पकड़े जाने पर हिमांशु ने अपना परिचय पुलिस आरक्षक के रूप में न देते हुए पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की, तो हिमांशु ने अपने आरक्षक होने के साथ आमानका थाना में तैनाती की जानकारी पुलिस को दी।

**तस्कर को जाल में फंसाने का झांसा** : हेरोइन चिट्टा के साथ पकड़े जाने पर आरक्षक ने मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मियों को गुमराह करने की कोशिश करते हुए कहा कि उसने ड्रग सिंडिकेट से जुड़े लोगों के साथ ड्रग यूज करने वाले लोगों को दबोचने जाल बिछाया था। इसीलिए एक यूजर को हेरोइन चिट्टा देकर गिरफ्तार कर जिस ड्रग पैडलर से ड्रग लेता है उसकी जानकारी जुटाकर गिरफ्तार करने उसने पुलिस को झांसा दिया।

### जानकारी जुटा रही ....
नेटवर्क से जुड़े होने के साक्ष्य मिले हैं। हिमांशु जिस ड्रग नेटवर्क से जुड़कर काम कर रहा था, पुलिस उस नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

### आमानाका में तैनाती ....
से ड्रग खपा रहे थे। बताया जा रहा है, ड्रग पैडलरों के साथ जुड़ने के बाद हिमांशु होटल तथा युवाओं के बीच चिट्टा पहुंचाने का काम करता था।

### भारत माला परियोजना ....
स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ करने 20 फरवरी तक रिमांड हासिल की है। ईओडब्लू तथा एसीबी की छापे की कार्रवाई के बाद दोनों आरोपी फरार चल रहे थे। अपने बचाव के लिए दोनों आरोपियों ने हरसंभव कोशिश की, लेकिन उन दोनों आरोपियों को किसी तरह से राहत नहीं मिली। **कुर्की के प्रकरण कोर्ट में विचाराधीन** : दोनों अफसर तथा अन्य फरार चल रहे लोकसेवकों के विरुद्ध ईओडब्लू, एसीबी ने विशेष न्यायालय में आवेदन पेश किया था। जांच एजेंसी के आवेदन पर उनके खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट एवं उद्घोषणा जारी की गई थी। विशेष न्यायालय में कुर्की की कार्रवाई के लिये प्रकरण विचाराधीन है।

### यह है पूरा ....
तहसीलदार शशिकांत कुर्रे जो वर्तमान में कोरबा में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ से उन्हें निलंबित किया गया था।

### अमेरिका ने हमें ....
बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि 1999 के बाद अमेरिका के साथ दोबारा रिश्ते मजबूत करना, खासकर 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद, पाकिस्तान के लिए बहुत नुकसानदायक साबित हुआ। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने अपने मकसद के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम पूरा होने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया।

रामभद्राचार्य के शिष्य ने दायर की याचिका, 2 बच्चे कोर्ट में पेश किए

# स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में यौन शोषण, आशुतोष महाराज ने खोला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज



संगम की रेती पर आयोजित माघ मेले के बीच एक बड़ी कानूनी लड़ाई शुरू हो गई है। जगतगुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर नाबालिग बच्चों के यौन उत्पीड़न और आय से अधिक संपत्ति जैसे सनसनीखेज आरोप लगाते हुए प्रयागराज की विशेष पॉक्सो कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्रयागराज के माघ मेले में प्रशासनिक विवाद के बाद चर्चा में आए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर अब गंभीर आपराधिक आरोप लगे हैं। आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने 8 फरवरी को प्रयागराज की विशेष पॉक्सो कोर्ट में एक वाद दायर किया है। इस शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर और गुरुकुल में नाबालिग बच्चों का यौन शोषण होता है। अपने आरोपों को मजबूती देने के लिए आशुतोष महाराज ने कोर्ट के समक्ष दो नाबालिग पीड़ित बच्चों को भी पेश किया, जिन्होंने अपने साथ हुई आपबीती साझा की।

### 'गुरु-सेवा' के नाम पर कुकर्म

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कोर्ट में दाखिल किए गए वाद के अनुसार, पीड़ित बच्चों ने खुलासा किया कि उन्हें 'असुरक्षित' महसूस कराया जाता था। बच्चों ने बताया कि अविमुक्तेश्वरानंद और उनके सहयोगियों ने उनके साथ कई बार यौन कुकर्म किया। आरोप है कि रात के समय आरोपी के शिष्य बच्चों पर यह कहकर दबाव बनाते थे कि 'यह गुरु-सेवा है और इससे आशीर्वाद मिलेगा। बच्चों ने यह भी बताया कि उनसे जबरन निजी सेवा, भीड़ जुटाने और पालकी ढोने जैसे काम कराए जाते थे, जो बाल श्रम और मानवाधिकारों का उल्लंघन है। यह शोषण महाकुंभ 2025 और माघ मेला 2026 के दौरान भी जारी रहने का दावा किया गया है।

### फर्जी लेटरपैड और आय से अधिक संपत्ति का विवाद

यौन शोषण के अलावा, आशुतोष महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद की पहचान और वित्तीय गतिविधियों पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अविमुक्तेश्वरानंद खुद को ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य बताकर फर्जी लेटरपैड और दस्तावेजों का निर्माण कर रहे हैं, जिससे प्रशासन और आम जनता को गुमराह किया जा रहा है। शिकायत में यह भी मांग की गई है कि उनके पास मौजूद आय से अधिक संपत्ति, कई बैंक खातों और उनके शिविर में अवैध हथियार होने की आशंका की निष्पक्ष जांच कराई जाए।


### अविमुक्तेश्वरानंद के वकील ने पेश की सफाई

पॉक्सो कोर्ट ने इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। 10 फरवरी को अविमुक्तेश्वरानंद के वकील ने अपनी सफाई पेश करते हुए आशुतोष महाराज पर ही पलटवार किया है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को होगी, जहाँ दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जज तय करेंगे कि इस मामले में एफआईआर (एफआईआर) दर्ज करने के आदेश दिए जाएं या वाद को रद्द कर दिया जाए।

पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक लीक मामला

# दिल्ली पुलिस ने प्रकाशक पेंगुइन को भेजा नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




पूर्व सेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की आगामी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने प्रकाशक पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया को नोटिस जारी किया है। नोटिस के जरिए कई सवाल पूछे गए हैं और जवाब मांगे गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने दर्ज एफआईआर में आपराधिक साजिश से जुड़ी धाराएं भी जोड़ी गई हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही है। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

### वेबसाइट्स पर पीडीएफ उपलब्ध

शुरुआती जांच में पाया गया कि 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, यह मामला एक ऐसी पुस्तक के संभावित लीक या गोपनीयता उल्लंघन से जुड़ा है, जिसे अभी आधिकारिक मंजूरी मिलना बाकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल सेल में केस दर्ज किया गया है और विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है।

### यह हो रही जांच

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि पुस्तक की प्री-प्रिंट कॉपी ऑनलाइन कैसे पहुंची, इसमें किन लोगों या संस्थाओं की भूमिका हो सकती है, और क्या इसमें कॉपीराइट या अन्य कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन हुआ है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सीटीए ने कहा- एपस्टीन फाइल्स के बहाने साजिश के तहत झूठ फैलाया

# चीन ने की दलाई लामा को बदनाम करने की कोशिश

एजेंसी ▶▶ ल्हासा



तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा की वैश्विक छवि धूमिल करने के लिए चीन ने डिजिटल प्रोपेगैंडा का सहारा लिया है। चीनी सरकारी मीडिया ने कुख्यात अमेरिकी अपराधी जेफरी एपस्टीन की फाइलों का दुरुपयोग करते हुए दलाई लामा का नाम उससे जोड़ने की कोशिश की। हालांकि, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) ने वैज्ञानिक जांच और पुख्ता दस्तावेजों के आधार पर इन दावों को खारिज कर दिया है। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा हाल ही में जारी 'एपस्टीन फाइल्स' के लगभग 35 लाख पन्नों की केंद्रीय तिब्बती प्रशासन की संकट प्रबंधन समिति और तिब्बती कंप्यूटर रिसोर्स सेंटर ने गहन तकनीकी जांच की। विश्लेषण में सामने आया कि फाइलों में दलाई लामा का नाम केवल 'थर्ड पार्टी रेफरेंस' (तीसरे पक्ष द्वारा उल्लेख) के तौर पर है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि फाइलों में दलाई लामा व एपस्टीन के बीच किसी मुलाकात, आर्थिक लेन-देन या पत्राचार का कोई सबूत नहीं मिला है।

### जनता से अपील- चीन के दुष्प्रचार का हथियार न बनें

विवाद बढ़ने पर दलाई लामा के कार्यालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि 'परम पावन ने कभी जेफरी एपस्टीन से मुलाकात नहीं की है और न ही अपनी ओर से किसी को उनसे बात करने के लिए अधिकृत किया है। ये आरोप पूरी तरह निराधार और मनगढ़ंत हैं।' केंद्रीय तिब्बती प्रशासन ने स्वतंत्र मीडिया और जनता से अपील की है कि वे चीनी दुष्प्रचार का हथियार न बनें और किसी भी सनसनीखेज दावे को साझा करने से पहले तथ्यों की पड़ताल जरूर करें।

## पेज एक के शेष

### गांव में शाम 6 के बाद...
सार्वजनिक स्थानों पर नजर नहीं आएंगे। यदि कोई छात्र नियम का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके अभिभावकों पर आर्थिक दंड लगाया जाएगा। इस फैसले के बाद गांव का नजारा पूरी तरह बदल गया है। पहले जहां शाम के समय चौक-चौराहों पर बच्चों की भीड़ दिखती थी, वहीं अब घरों में पढ़ाई का माहौल नजर आता है।

### निगरानी के लिए...
थीं। सामूहिक निर्णय के बाद अब सकारात्मक परिवर्तन दिख रहा है। व्याख्याता रोहित कुमार साहू ने बताया कि शिक्षक नियमित रूप से पालकों से संपर्क कर रहे हैं। कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा रही हैं।

### ग्राम प्रमुखों की...
रही है। गांव की वरिष्ठ महिला अधिनी बाई ने कहा कि कठोर नियम ही बदलाव लाते हैं। अब गांव में शांति और अनुशासन दोनों हैं।

### ग्रामसभा में बनी...
प्रतिशत से ऊपर और 12वीं का शत-प्रतिशत हो। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भी गांववासियों से सहयोग की अपील की थी। इसके बाद नियमों को सार्वजनिक रूप से घोषित कर अमल शुरू कर दिया गया।

### विद्यार्थियों की...
कि शाम के बाद गांव में सन्नाटा रहता है। यह बदलाव हमारे भविष्य के लिए अच्छा है। लक्ष्मीकांत साहू, काजल साहू, यामिनी साहू, मनीषा साहू, भगत साहू, पुष्कर ध्रुवंशी और नरेंद्र साहू ने भी माना कि इस निर्णय से पढ़ाई का माहौल मजबूत हुआ है।

### कनाडा के स्कूल में ...
न ही यह स्पष्ट है कि आरोपी ने इस घटना को अंजाम क्यों दिया। फ्लॉयड ने कहा, हम अभी इस बात को समझने की स्थिति में नहीं हैं कि इस त्रासदी का कारण क्या था। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अभी यह जांच कर रही है कि पीड़ितों और आरोपी के बीच क्या संबंध थे।आरसीएमपी ने एक बयान में कहा, गोलीबारी की प्रारंभिक प्रतिक्रिया के दौरान पुलिस ने खतरे का पता लगाने के लिए स्कूल में प्रवेश किया। तलाशी के दौरान अधिकारियों को कई पीड़ित मिले। संदिग्ध हमलावर भी मृत पाया गया, जिसके शरीर पर खुद को चोट पहुंचाने के निशान दिखायी दे रहे थे।

### कागजों पर बच्चों की ...
जहां कागजों में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत दिखाई गई थी। वहां मौके पर आधे बच्चे भी मौजूद नहीं थे। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि जुलाई से अक्टूबर के बीच बड़ी संख्या में बच्चे अनुपस्थित थे, लेकिन उनके नाम पर राशन सब्जी और मेस शुल्क का पैसा सरकारी खजाने से लगातार निकाला जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि भ्रष्ट अधीक्षकों ने अपनी चोरी छिपाने के लिए उपस्थिति पंजी में कांट-छांट और हेरफेर की। बच्चों की फर्जी उपस्थिति दर्ज कर शासन को लाखों रुपये का चूना लगाया गया। बताया गया कि यह खेल केवल राशन तक सीमित नहीं था, बल्कि बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति में भी डाका डाला गया।

कलेक्टर की अनुशंसा पर गठित जांच समिति ने पाया कि इन आवासीय विद्यालयों में भ्रष्टाचार का एक सुनियोजित खेल चल रहा था। रिकॉर्ड में दर्ज बच्चों की संख्या और मौके पर मौजूद छात्रों के बीच भारी अंतर मिला। चौंकाने वाली बात यह है कि जुलाई से अक्टूबर के बीच जो बच्चे स्कूल में थे ही नहीं, उनके नाम पर भी राशन और भोजन राशि का आहरण किया गया। यानी असली राशन को कागजी बच्चों के जरिए डकारा जा रहा था। इस जांच रिपोर्ट में मासूमों के निवाले को अधिकारियों और अधीक्षकों ने मिलकर अवैध कमाई का जरिया बना लिया था।

### राफेल, तेजस, ...
यह डेमो आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और वायुसेना की तैयारियों का मजबूत संदेश देगा।

**भागीदारी और तैयारी** : साउथ-वेस्टर्न एयर कमांड लीड कर रहा है। विमान जैसलमेर, फलोदी, उत्तरलाई, जोधपुर, वडोदरा और हिंडन से आएंगे। आर्मी भी इंटीग्रेटेड ऑपरेशंस में शामिल होगी।

**1954 से चली आ रही परंपरा** : वायु शक्ति की शुरुआत 1954 में तिलपत रेंज से हुई थी। 1999 में पहली बार पोखरण में हुआ और नाम 'वायु शक्ति' पड़ा। यह हर कुछ सालों में होता है और वायुसेना की ताकत का सबसे बड़ा प्रदर्शन माना जाता है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

# लापता लोगों पर केंद्र-दिल्ली सरकार से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में लापता लोगों के मामलों की जांच और हैंडलिंग पर गंभीर चिंता जताई है। कोर्ट ने एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) से जवाब मांगा है। यह निर्देश बुधवार को सुनवाई के दौरान दिए गए। कोर्ट ने पूछा कि क्या लापता लोगों के मुद्दे पर कोई समान मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। याचिका एक गैर-सरकारी संगठन ने दाखिल की है। यह संगठन सिविल लिबर्टीज और बच्चों के अधिकारों के क्षेत्र में काम करता है। याचिका में कहा गया है कि लापता लोगों के मामलों में जरूरी जांच प्रोटोकॉल का पालन नहीं हो रहा। दिल्ली में कम समय में सैकड़ों लोग लापता हो चुके हैं।

**छ.ग. स्टेट पावर डिस्ट्रीब्युशन कंपनी लिमिटेड**

**बिजली बन्द की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि बेलरगांव उपसंभाग के अन्तर्गत गट्टासिल्ली वितरण केन्द्र के निम्नलिखित 33 के.व्ही. गट्टासिल्ली फीडर में लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। अतः उपकेन्द्र 33/11 के. व्ही. सरईटोला/गट्टासिल्ली से उत्सर्जित होने वाली सभी 11 के.व्ही. लाईनों में विद्युत आपूर्ति सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बाधित रहेगी।

| दिनांक | दिन | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 12.02.2026 | गुरूवार | 33/11 के. व्ही. सरईटोला (गुहाननाला)/ गट्टासिल्ली | वितरण केन्द्र गट्टासिल्ली के अन्तर्गत आने वाले समस्त ग्राम |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है, असुविधा के लिए खेद है।

कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. धमतरी

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

क्रम सं.(1) ई-निविदा संख्याः सीपीएम-इंजी-जीएसयु-बीएसपी-13-25-26, दिनांकः 09.02.2026

कार्यः "दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में शहडोल और बिजुरी में रनिंग रूम का निर्माण/विस्तार और बिजुरी और उसलापुर में संबद्ध और विविध कार्यों के साथ संयुक्त क्रू और टीएम लॉबी का निर्माण। **निविदा मूल्य (रू):** 10,53,03,630.78/-, **अमानत राशि (रू)** 6,76,500.00/-, **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह। **निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः** दिनांक 24.02.2026 से, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः** दिनांक 10.03.2026 के 15:30 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in. वेबसाइट पर उपलब्ध है, उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

उप मुख्य अभियंता गतिशक्ति
सीपीआर/10/680 द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**बुनियादी बीज प्रगुणन एवं प्रशिक्षण केन्द्र, बुनियादी तसर रेशमकीट बीज संगठन केन्द्रीय रेशम बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय - भारत सरकार**
**BASIC SEED MULTIPLICATION & TRAINING CENTREASIC TASAR SILKWORM SEED ORGANISATION (CENTRAL SILK BOARD, MINISTRY OF TEXTILES-GOVT.OF INDIA)**
बस्तरः 494223 (छत्तीसगढ़) ISO 9001-2015 CERTIFIEDBASTAR : 494223 (C.G.) Phone : 9108223508 ई-मेल@e-mail: bsmtcbas.csb@nic.in


क्र. केरेबो / बुतरेकीबीसं / बुबीप्रवप्रके / बस्तर / तक-6/ 2025-26/ 361
दिनांक : 10.02.2026

**:: निविदा सूचना ::**

केन्द्र के 984009,नग पोली एवं चोपा तसर कोसों का इस केंद्र के विक्रय मूल्य समितिद्वारा वर्गीकरण एवं फर्श कीमत निर्धारण के पश्चात कोसों का विक्रय निपटान हेतु वैज्ञानिक सी एवं नीलामी अधिकारी द्वारा इच्छुक व्यापारियों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित किए जाते है। कोसों का फर्श कीमत रू. 1457966.00 है। निविदा बयाना नगद जमा (EMD) राशि रू. 29160.00 है। दिनांक 12.02.2026 से 06.03.2026 तक निविदा दस्तावेज (नगद एवं डाक से) विक्रय किया जाएगा। पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदा प्रस्तुत अंतिम तिथि 07.03.2026 को 17.00 बजे तक है। निविदा खोलने की तिथि व समय 09.03.2026, 11.30 बजे। निविदा दस्तावेज कीमत रू. 400.00 एवं 450.00 (डाक से) है। अधिक जानकारी हेतु दिनांक 12.02.2026 से हमारे वेबसाईट देखें www.btsso.org एवं www.csb.gov.in

Sd/-
वैज्ञानिक सी/एवं नीलामी अधिकारी

## शब्द पहेली - 6136



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता,मूर्खता-4
3. निर्भय,बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा,शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता,गुलामी-5
14. दानव,दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई,छाया-2
19. आदत,स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल,वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा,सूजी-2
30. गुलिस्तां,बाग-3
31. एक ग्रह,शनिश्चर-2
32. दबाना,कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा,अनोखा-3
4. लक्ष्मी,कमला-2
5. खीजना,रोना-4
6. एक पौधा,अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष,होशियार-3
10. जमीकंद,एक सब्जी-3
12. धैर्य,संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा,तला-2
21. पुत्र,बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर,बाण-2

**शब्द पहेली - 6135 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | व | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| ब | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | बा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्जे | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6146

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6145 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## खबर संक्षेप

### टाइटन का मुनाफा 61% बढ़कर 1,684 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** आभूषण और घड़ी बनाने वाली प्रमुख कंपनी टाइटन का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 60.84 प्रतिशत बढ़कर 1,684 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें घरेलू आभूषण व्यवसाय का योगदान रहा। कंपनी ने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 1,047 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### अशोक लेलैंड का मुनाफा बढ़कर 862 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.19 प्रतिशत बढ़कर 862.24 करोड़ रुपये हो गया। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को अपने तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की जानकारी दी।

### टाटा ऑटोकॉम्प देशभर में नए संयंत्र करेगी स्थापित

**नई दिल्ली।** टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड ने कहा कि वह देश भर में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए इस साल भारत में कई अतिरिक्त संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी, जिसने 30 जनवरी को साणंद (गुजरात) में दो नए विनिर्माण संयंत्रों का उद्घाटन किया था।

## मानकों के पालन के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे : इंडिगो

# डीजीसीए के नए ड्यूटी नियमों के लिए पूरी तरह तैयार इंडिगो, पायलटों को बड़ी राहत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडिगो ने विमानन नियामक डीजीसीए को बताया है कि संशोधित पायलट ड्यूटी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक परिचालन, 'रोस्टरिंग' और निगरानी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विमान कंपनी इंडिगो को दिसंबर में बड़े पैमाने पर परिचालन संबंधी व्यवधान के बाद नियामकीय कार्रवाई का सामना करना पड़ा था।

विमानन कंपनी को नए उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) मानकों पर मिली अस्थायी छूट मंगलवार को समाप्त होने के बाद, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को बयान जारी कर कंपनी की ओर से दी गई प्रगति रिपोर्ट एवं आश्वासन की जानकारी दी।

### उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती की गई थी

इंडिगो में परिचालन का अत्यधिक अनुकूलन, अपर्याप्त नियामक तैयारी, सिस्टम सॉफ्टवेयर समर्थन में कमियां एवं प्रबंधन संरचना और परिचालन नियंत्रण में खामियां उन प्रमुख कारणों में से थीं जिनके कारण व्यवधान उत्पन्न हुए, जिसके बाद डीजीसीए ने विमानन की शीतकालीन निर्धारित उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती भी की थी।

### मानकों पर मिली अस्थायी छूट मंगलवार को समाप्त हो गई

- आवश्यक परिचालन और निगरानी व्यवस्थाएं की जा रही
- परिचालन व्यवधान के कारण दिसंबर में परिचालन व्यवधान आया था



### घरेलू हिस्सेदारी घटकर 59.6 फीसदी

डीजीसीए ने कहा कि उड़ान संचालन को स्थिर करने के लिए दी गई दोनों छूटें निर्धारित शर्तों, प्रति घंटे उड़ान संचालन आंकड़े जमा करने तथा साप्ताहिक/पाक्षिक परिचालन प्रदर्शन रिपोर्ट सौंपने के अधीन थीं। इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी दिसंबर में घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी, जो नवंबर में 63.6 प्रतिशत थी तब वह प्रतिदिन करीब 2,200 उड़ानों का संचालन करती थी।

### नियामकीय नगरानी बनी रही

बयान में डीजीसीए ने कहा कि छूट की अवधि के दौरान इंडिगो के उड़ान संचालन की नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से करीबी निगरानी की गई तथा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नियामक अधिकारियों को विभिन्न हवाई अड्डों पर तैनात किया गया। इंडिगो के संचालन नियंत्रण केंद्र में तैनात किया गया जिससे छूट अवधि के दौरान निरंतर नियामकीय निगरानी बनी रही।

### 2,507 उड़ानें रद्द की गई

इंडिगो के तीन से पांच दिसंबर के बीच 2,507 उड़ानें रद्द किए जाने की पृष्ठभूमि में, डीजीसीए ने संशोधित एफडीटीएल मानकों के क्रियान्वयन में कुछ ढील देने के लिए विमानन कंपनी के अनुरोध को 10 फरवरी तक का समय दिया था। डीजीसीए की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, इंडिगो ने बताया है कि दिया गया समय समाप्त होने के बाद वह वैधानिक प्रावधानों के पालन और नौ अक्टूबर 2025 को स्वीकृत एफडीटीएल योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### इंडिगो का परिचालन स्थिर हुआ

डीजीसीए ने 20 जनवरी को कहा था कि निरंतर नियामकीय निगरानी और सुधारात्मक कदमों से इंडिगो का परिचालन स्थिर हुआ है और अब इंडिगो के पास नए उड़ान ड्यूटी मानकों के पालन के लिए पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध हैं। इंडिगो की ओर से प्रस्तुत जानकारी का हवाला देते हुए नियामक ने बताया था कि आवश्यक 2,280 की तुलना में 2,400 कमांड पायलट उपलब्ध हैं जबकि प्रथम अधिकारियों की संख्या 2,050 की जरूरत के मुकाबले 2,240 है।

### जांच के बाद 22.20 करोड़ का लगा था जुर्माना

मंगलवार को इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि पहले दिए गए आश्वासन के अनुसार कंपनी के पास अपने 'नेटवर्क' में स्थिर परिचालन सुनिश्चित करने के लिए पायलट सहित पर्याप्त संख्या में कर्मचारी हैं। डीजीसीए ने दिसंबर में हुए व्यापक व्यवधान के बाद विमानन कंपनी की शीतकालीन सेवाओं में 10 प्रतिशत कटौती की थी। जांच के बाद कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

# एसबीआई बाजार पूंजीकरण के मामले में चौथे स्थान पर

एजेंसी ⏭ मुंबई




- बैंक के शेयरों में तीन फीसदी से अधिक की तेजी आई
- टीसीएस का शेयर ढाई फीसदी टूटकर नीचे आया

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) मजबूत तिमाही नतीजों के बाद आई तेजी के दम पर बुधवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की चौथी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई है।

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद बैंक के शेयरों में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी आने से उसने दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर एसबीआई का शेयर 3.40 प्रतिशत बढ़कर 1,183 रुपये पर बंद हुआ, जबकि एनएसई पर यह 3.23 प्रतिशत चढ़कर 1,181.10 रुपये पर पहुंच गया।

कारोबार के दौरान यह शेयर लगभग चार प्रतिशत चढ़कर अपने 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर बीएसई पर 1,187.70 रुपये और एनएसई पर 1,187.50 रुपये तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 10,91,982.06 करोड़ रुपये रहा, जो बीएसई पर टीसीएस के 10,52,646.38 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण से अधिक है। इस बीच टीसीएस का शेयर 2.5 प्रतिशत टूटकर बीएसई और एनएसई पर क्रमशः 2,909.40 रुपये और 2,909 रुपये के भाव पर बंद हुए। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है।

इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, एसबीआई, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड और लार्सन एंड टुब्रो का स्थान रहा।


### 21,028 करोड़ रुपए का सर्वाधिक लाभ दर्ज

एसबीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में एकल आधार पर 21,028 करोड़ रुपये का अब तक का सर्वाधिक लाभ दर्ज किया है जबकि एकीकृत आधार पर उसका शुद्ध लाभ 13.06 प्रतिशत बढ़कर 21,317 करोड़ रुपये रहा।

# उतार और चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद

- बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा
- आईटी शेयरों में गिरावट दर्ज की गई

एजेंसी ⏭ मुंबई



उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को लगभग स्थिर बंद हुए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वाहन शेयरों में हुआ फायदा आईटी शेयरों में मिले नुकसान से जाता रहा। बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 40.28 अंक की मामूली गिरावट के साथ 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,487.24 अंक के ऊपरी और 84,081.25 अंक के निचले स्तर तक गया। निफ्टी 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 25,953.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के कारण इस सप्ताह अबतक रही तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार में कुछ समय के लिए स्थिरता आ सकती है।

### चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.4 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 10 फरवरी तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 19.44 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह बढ़ोतरी कॉरपोरेट कर की बेहतर वसूली और कर रिफंड की धीमी गति का परिणाम है। आयकर विभाग की तरफ से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 14.51 प्रतिशत बढ़कर 8.90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें व्यक्तिगत आयकर और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) से मिले कर शामिल हैं, 5.91 प्रतिशत बढ़कर लगभग 10.03 लाख करोड़ रुपये रहा। शेयरों एवं अन्य प्रतिभूतियों के लेनदेन पर लगाया जाने वाला प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) का संग्रह एक अप्रैल, 2025 से 10 फरवरी, 2026 के दौरान 50,279 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि के लगभग समान है। इस अवधि में कर रिफंड जारी करने में 18.82 प्रतिशत की गिरावट आई।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

### रिलायंस कंज्यूमर ने सदर्न हेल्थ का किया अधिग्रहण

**चेन्नई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरपीसीएल) ने तमिलनाडु स्थित ''सदर्न हेल्थ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड'' का अधिग्रहण कर लिया है। ''मन्ना'' ब्रांड के नाम से मशहूर सदर्न हेल्थ फूड्स पिछले दो दशकों से पैकेटबंद स्वास्थ्य खाद्य पदार्थों के क्षेत्र में एक प्रमुख नाम है। कंपनी मिलेट आटा, ओट्स, मल्टीग्रेन मिक्स, बेबी फूड और मल्टीग्रेन पेय पदार्थ जैसे उत्पादों की बिक्री करती है।

## बिजनेस साइट

### बालको मेडिकल सेंटर में कैंसर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बालको मेडिकल सेंटर (वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन), नया रायपुर एवं स्टेट हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर जागरूकता एवं सेल्फ ब्रेस्ट एग्जामिनेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्तन कैंसर की प्रारंभिक अवस्था में पहचान सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सशक्त बनाना था। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के चिकित्सकों एवं बालको मेडिकल सेंटर के अनुभवी कैंसर विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। रायपुर शहर की 100 से अधिक मितानिनों ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान, समय पर जांच के महत्व तथा स्वयं स्तन परीक्षण (सेल्फ ब्रेस्ट एग्ज़ामिनेशन) की सही तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

ब्रेस्ट मॉडल के माध्यम से हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग भी कराई गई, जिससे मितानिनों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

### हिअरजॅप का निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर 15 फरवरी तक



**रायपुर।** हियरिंग केयर सेंटर द्वारा हिअरजॅप के सहयोग से आम नागरिकों के लिए निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है।

यह शिविर 10 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित होगा, जिसमें अनुभवी ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा श्रवण क्षमता की विस्तृत जांच की जाएगी और जरूरतमंद मरीजों को उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया जाएगा। शिविर का समय मंगलवार से शनिवार तक प्रातः 10:30 बजे से सायं 7:00 बजे तक तथा रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। आयोजकों के अनुसार शिविर में श्रवण यंत्रों पर विशेष छूट प्रदान की जाएगी। साथ ही स्पीच थेरेपी और कोक्लियर इम्प्लांट संबंधी परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यह शिविर रायपुर के कचहरी चौक, बैरन बाजार और शंकर नगर सहित अंबिकापुर, भिलाई, बिलासपुर, धमतरी, जगदलपुर, कोरबा एवं सारंगढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने बहरापन से पीड़ित लोगों और उनके परिजनों से अपील की है कि वे इस निशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय रहते जांच कराकर उचित उपचार प्राप्त करें।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal MD, DM (Cardiology) Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें : एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें : मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037 OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सिंघानिया स्किन केयर
सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

वैरिकोज वेन्स & VASCULAR Clinic
वैरिकोज वेन्स & वैस्कुलर क्लिनिक
डॉ. प्रशांत पोटे MD DNB FVIR Interventional Radiologist
• वैरिकोज वेन्स • पैर का अल्सर • डीवीटी • फाइब्रॉइड • थायरॉइड/गॉइटर
पता- 309, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मोबाईल : 7400628099

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130




## डबल सुपर ओवर का महा रोमांच : साउथ अफ्रीका ने जीता मैच

# अफगानिस्तान की दिल तोड़ने वाली हार, गुरबाज की छक्कों की हैट्रिक, छुड़ाए साउथ अफ्रीका के पसीने

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका के खलिाफ टी20 वर्ल्ड कप में दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मैच में अफगान टीम साउथ अफ्रीका से डबल सुपर ओवर में हार गई। दूसरे ओवर में 24 रन का पीछा करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज ने तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाकर लगभग मुकाबले को अफगानस्तिान के पक्ष में कर दिया था। आखिरी गेंद पर सिर्फ पांच रन चाहिए थे तब आउट हो गए।

### गुरबाज ने खेली 84 रनों की विस्फोटक पारी

मैच की बात करें तो 188 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी अफगानिस्तान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 84 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 42 गेंदों पर खेली गई इस पारी में गुरबाज ने 4 चौके और 7 छक्के लगाए। तेजी से शतक की तरफ बढ़ रहे गुरबाज को केशव महाराज ने जॉर्ज लिंडे के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। गुरबाज के अलावा शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज नहीं चला।

इब्राहिम जादरान 12, गुलबदीन नायब 0, सेदिकुल्लाह अटल 0, और रसूली 15 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद नबी भी 5 रन बना सके। अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंद पर 3 चौके लगाते हुए 22 रन बनाए। राशिद खान ने 12 गेंद पर 20 रन बनाए। अफगानिस्तान 19.4 ओवर में 187 पर ऑल आउट हो गया।



### डिकॉक और रिकल्टन ने की 114 रन की साझेदारी

इसके पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 6 विकेट पर 187 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 41 गेंद पर 3 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 59 रन और रयान रिकल्टन ने 28 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली थी। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी हुई थी। इसके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 23, डेविड मिलर ने 20 और मार्को जानसेन ने 16 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने 2, फजलहक फारुखी ने 1, और अजमतुल्ला ओमरजाई ने 3 विकेट लिए थे।

### पहला सुपर ओवर — 18 रन का लक्ष्य पार नहीं का पाया अफ्रीका

पहले सुपर ओवर में साउथ अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी को बॉल दी और अफगानिस्तान ने अजमतुल्लाह उमरजई और रहमानुल्लाह गुरबाज पर भरोसा किया। अजमतुल्लाह ने सुपर ओवर की पहली दो बॉल पर चौका और फिर छक्का लगाया, फिर एक सिंगल लेकर स्ट्राइक गुरबाज को दी। चौथी बॉल पर एक और सिंगल के बाद अजमतुल्लाह वापस स्ट्राइक पर आ गए। इस बार उन्होंने बाउंड्री लगाई। आखिरी बॉल पर एक सिंगल लेकर अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को जीतने के लिए 18 रन का टारगेट दिया।

#### आखिरी बॉल पर चाहिए थे 7 रन

मिलर पहली बॉल पर सिर्फ एक रन बना सके। लेकिन ब्रेविस ने दूसरी बॉल पर छक्का मारा। ड्रामा अगली बॉल पर हुआ, जब ब्रेविस एक स्लो-बॉल बाउंसर पर अपना विकेट गंवा बैठे। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी पहली बॉल बाउंड्री लगाकर शुरुआत की, लेकिन अगली बॉल पर रन नहीं बना सके, जिससे साउथ अफ्रीका को आखिरी बॉल पर सात रन चाहिए थे। यहां स्टब्स ने छक्का मारकर सुपर ओवर टाई कर दिया।

### दूसरा सुपर ओवर — अफगानिस्तान नहीं बना पाया 24 रन

दूसरे सुपर ओवर में स्टब्स और मिलर द.अफ्रीका के लिए बैटिंग करने आए। अफगानिस्तान ने बॉल अजमतुल्लाह उमरजई को दी। इस बार स्टब्स ने दूसरे सुपर ओवर की शुरुआत पहली बॉल पर छक्के से की। इससे पहले कि बैट्समैन ने दूसरी बॉल पर सिंगल लिया। तीसरी बॉल पर बैट्समैन ने दो रन बनाए। चौथी बॉल पर मिलर ने 95m का हिट स्टैंड्स में मारकर एक छक्का मारा। 5वीं बॉल पर एक और छक्का मारा गया, इससे पहले कि दोनों ने आखिरी बॉल पर दो रन लिए। उन्होंने दूसरे सुपर ओवर में अफ़गानिस्तान के लिए 24 रन का टारगेट रखा।

#### महाराज ने लुटाए रन

द. अफ्रीका ने स्पिनर केशव महाराज को बॉल दी। पहली डॉट बॉल के बाद नबी ने दूसरी बॉल पर अपना विकेट गंवा दिया। तीसरी बॉल पर फिर से बैटिंग करने आये गुरबाज ने महाराज गेंद पर लगातार तीन छक्का मारा। अब आखिरी बॉल पर सिर्फ छह रन चाहिए थे। प्रेशर में महाराज ने एक वाइड बॉल फेंकी, जिसका मतलब था कि एक बाउंड्री से गेम तीसरे सुपर ओवर में चला जाता, मगर ऐसा नहीं पाया। गुरबाज आखिरी बॉल पर आउट हो गए और इसी के साथ अफगानिस्तान को दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया ने की जीत के साथ अभियान की शुरुआत आयरलैंड को हराया, एलिस-जांपा ने चटकाए 8 विकेट




एजेंसी ▶▶ कोलंबो

ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। इस टीम ने बुधवार को आयरलैंड के विरुद्ध आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले को 67 रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-बी की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गया है। इस टीम का नेट रन रेट +3.350 है, जबकि अपने-अपने पहले मैच जीतने के बाद जिम्बाब्वे (+2.702) और श्रीलंका (+1.000) क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन एलिस और एडम जांपा ने 4-4 विकेट निकाले। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए। इस टीम को कप्तान ट्रेविस हेड (6) के रूप में 7 के स्कोर पर पहला झटका लगा। इसके बाद कैमरून ग्रीन ने जोश इंगलिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 49 रन की साझेदारी की। ग्रीन 11 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 1 छक्का और 6 चौके शामिल रहे। इसके बाद मैट रेनेशॉ ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 33 गेंदों में 2 चौकों के साथ 37 रन बनाए, जबकि जोश इंगलिस 17 गेंदों में 7 बाउंड्री के साथ 37 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इनके अलावा, मार्कस स्टोइनिस ने 29 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 45 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

### 115 रन पर सिमटी आयरलैंड की टीम

*इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 16.5 ओवरों में 115 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 43 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो दिए थे। यहां से लॉरेन टकर ने मोर्चा संभाला। टकर ने 27 गेंदों में 24 रन की पारी खेली, जबकि डॉकरेल ने 29 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 41 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन एलिस और एडम जांपा ने 4-4 विकेट निकाले, जबकि मैथ्यू कुहनेमन ने 1 विकेट हासिल किया।*




## खबर संक्षेप

### भारत के खिलाफ अलग मानसिकता के साथ खेलेंगे

**कोलंबो।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व



कप मैच को एक 'आम मैच' करार दिया लेकिन इसके साथ ही कहा कि इस बार उनकी टीम इस मुकाबले में अलग मानसिकता के साथ उतरेगी। फरहान ने कहा, ''लगातार दो मैच जीतने और तालिका में शीर्ष पर काबिज होने से आत्मविश्वास मिलता है। अगला मैच भी एक आम मैच जैसा ही होगा। यह पहला अवसर नहीं है जबकि हम उनके खिलाफ खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'हम पहले भी उनके खिलाफ खेल चुके हैं लेकिन इस बार हमारी मानसिकता अलग होगी। आपने देखा ही होगा कि शादाब (खान) रन बना रहे हैं, (मोहम्मद) नवाज़ रन बना रहे हैं। उम्मीद है कि आपको उनके खिलाफ हमारा खेल पसंद आएगा।'

### हमें आखिर तक लड़ना होगा : मारक्रम

**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने टीम के साथी खिलाड़ियों से कहा था कि उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ 'चुनौती' के लिए तैयार रहना होगा और बुधवार को खेला गया यह मैच टी20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक साबित हुआ। मारक्रम ने कहा, 'इसे शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल है। कड़ा मुकाबला था। टीमें आपको जबरदस्त दबाव में लाती हैं।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग में भारत का दबदबा अभिषेक और वरुण शीर्ष पर काबिज



एजेंसी ▶▶ मुंबई

नई दिल्ली। आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बने हुए हैं, वहीं वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजों की सूची में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा टी20 फॉर्मेट में नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा पहले, इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे, इंग्लैंड के जोस बटलर चौथे और भारत के तिलक वर्मा पांचवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के पाथुम निसंका छठे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट आठवें, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड नौवें और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श दसवें स्थान पर हैं। साहिबजादा फरहान को यूएसए के खिलाफ खेली गई 73 रन की पारी का जोरदार फायदा हुआ है। इसी पारी की बदौलत फरहान 4 स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंचे हैं।

### गेंदबाजों में चक्रवर्ती पहले स्थान पर

गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के वरुण चक्रवर्ती पहले, पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे, अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे, इंग्लैंड के आदिल रशीद चौथे, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा पांचवें, न्यूजीलैंड के जैकब डफी छठे, पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज सातवें, बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान आठवें, ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा नौवें और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दसवें स्थान पर हैं।

### ऑलराउंडर में रजा शीर्ष पर

टी20 के शीर्ष ऑलराउंडर्स की सूची में पाकिस्तान के सईम अयूब को पीछे छोड़ते हुए जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने पहला स्थान हासिल कर लिया है। अयूब दूसरे स्थान पर हैं। भारत के हार्दिक पांड्या तीसरे, वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज चौथे, पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज पांचवें, नेपाल के दीपेंद्र सिंह एरे छठे, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड सातवें, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई आठवें, अफगानिस्तान के मोहम्मब नबी नौवें और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दसवें स्थान पर हैं।

## हसरंगा की जगह हेमंथा श्रीलंका टीम में शामिल

**कोलंबो।** स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर दुशान हेमंथा को मौजूदा टी20 विश्व कप के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा की जगह श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज हसरंगा आयरलैंड के खिलाफ पहले



मैच के दौरान चोटिल हो गए थे, जिसके कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पांच वनडे और तीन टी20 मैच खेल चुके 31 वर्षीय हेमंथा उनकी जगह लेंगे। टीम का अगला मैच गुरुवार को ओमान के खिलाफ होगा। आईसीसी ने कहा, 'टी20 विश्व कप की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने वानिंदु हसरंगा के स्थान पर दुशान हेमंथा को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है।' आईसीसी ने न्यूजीलैंड के चोटिल माइकल ब्रैसवेल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की अनुमति दे दी है। न्यूजीलैंड ने अभी तक इस खिलाड़ी का नाम उजागर नहीं किया है।

यूको बैंक UCO BANK यूको बैंक : अंचल कार्यालय
पता : छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, तेलीबांधा, रायपुर फोन नं. 0771-4233116, 4233115
ईमेल: zoraipur.rec@uco.bank.in

**संशोधन**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि यूको बैंक, मिड कार्पोरेट शाखा, रायपुर द्वारा उधारकर्ता मेसर्स अग्रवाल आयरन एंड इंडस्ट्रीज के संबंध में सरफेशी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रतीकात्मक कब्जा लेने के संबंध में नोटिस हिन्दी समाचार पत्र हरिभूमि, रायपुर संस्करण, दिनांक 11.02.2026 में प्रकाशित किया गया था।

उक्त प्रकाशन में, शाखा का नाम गलती से 'मिड कारपोरेट रायपुर' के स्थान पर 'मिड कारपोरेट जगदलपुर' लिखा गया था।

अतः 'मिड कारपोरेट जगदलपुर' के स्थान पर शाखा का नाम 'मिड कारपोरेट रायपुर' पढ़ा जाएगा।

प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

## 15वां मैच : वेस्टइंडीज की दूसरी जीत इंग्लैंड को हराया, ग्रुप-सी में शीर्ष पर

**मुंबई।** वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। इस टीम ने वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के विरुद्ध 30 रन से जीत दर्ज की। इसी के साथ कैरेबियन टीम ग्रुप-सी की प्वाइंट्स टेबल में +1.625 नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। हेटमायर 12 गेंदों में 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शेरफन रदरफोर्ड ने रोवमैन पॉवेल (14) के साथ पांचवें विकेट के लिए 29 गेंदों में 51 रन की साझेदारी की। इसके बाद जेसन होल्डर के साथ छठे विकेट के लिए 32 गेंदों में 61 रन जोड़े। होल्डर 17 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ 33 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रदरफोर्ड ने 7 छक्कों और 2 चौकों के साथ नाबाद 76 रन बनाए। विपक्षी खेमे से जेमी ओवरटन और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट निकाले। एक-एक सफलता जोफ्रा आर्चर और सैम करने के हाथ लगी।



### 166 रन में सिमटी इंग्लैंड

इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 19 ओवरों में 166 रन पर सिमट गई। सलामी जोड़ी के रूप में फिल सॉल्ट ने जोस बटलर के साथ 3.2 ओवरों में 38 रन की साझेदारी की। सॉल्ट 30 रन बनाकर आउट हुए। बटलर 21 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जैकब ने 33 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। इंग्लैंड की टीम 90 के स्कोर तक 4 विकेट खो चुकी थी, जिसके बाद सैम करन ने हैरी बूक के साथ 26 गेंदों में 41 रन जुटाए, लेकिन इस साझेदारी के टूटते ही इंग्लैंड निरंतर अंतराल पर अपने विकेट गंवाती रही। बूक 17 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सैम करन ने 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ नाबाद 43 रन जुटाए। विपक्षी खेमे से गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि रोस्टन चेज ने 2 विकेट निकाले। एक-एक विकेट अकील हुसैन, रोमारियो शेफर्ड और शमार जोसेफ ने निकाला।

### आज शाम 7 बजे से भारत और नामीबिया के बीच मुकाबला

# प्रीव्यू : नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन भारत को गुरुवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच में नामीबिया से किसी तरह का खतरा नहीं है लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पेट के संक्रमण के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि इससे उसकी योजनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। अब उन्हें फिरोज शाह कोटला की पिच पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है। नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा बहुत भारी है, जिसकी टीम इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस तरह से देखा जाए तो भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले यह मैच अभ्यास मैच की तरह है।



### टीमे इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह।

**नामीबिया :** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जान बाल्ट, जेन ग्रीन (विकेटकीपर), मालन क्रूगर, डायलन लीचर, लॉरेन स्टीनकैंप, जान फ्राइलिनक, जान निकोल लोफ्टी-ईटन, विलियम मायबर्ग, जे जे स्मिट, जैक ब्रासेल, मैक्स हेंगो, बर्नार्ड शोल्ट्ज़, बेन शिकोंगो, रूबेन ट्रम्पेलमैन।

### चक्रवर्ती का सामना करना नामीबिया के लिए चुनौती

चक्रवर्ती का सामना करना नामीबिया की टीम के लिए बहुत बड़ी चुनौती हो सकती है क्योंकि वे आमतौर पर इतने उच्च स्तर के गेंदबाजों का सामना नहीं करते हैं। आईसीसी की कार्यक्रम बनाने वाली टीम ने यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के खिलाफ व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण मैच को छोड़कर भारत के लीग चरण के बाकी मैच ऐसी टीमों के खिलाफ हों, जो इस प्रारुप में भारत की ए, बी या सी टीम से भी हार जाएंगी। टूर्नामेंट से पहले एक अभ्यास मैच में भारत ए ने नामीबिया को 100 से कम रन पर आउट कर दिया था।






# क्रिकेट टूर्नामेंट में ना ट्रॉफी, ना कैश... खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड में मिला देसी मुर्गा

**देवरिया।** क्रिकेट टूर्नामेंट का नाम सुनते ही जहन में ट्रॉफी, मेडल या कैश इनाम की तस्वीर उभरती है, लेकिन उत्तर प्रदेश के देवरिया में एक स्थानीय क्रिकेट टूर्नामेंट ने इनाम की रिवायत ही बदल दी। यहां मैन ऑफ द मैच बने खिलाड़ी को नकद राशि या ट्रॉफी की जगह जिंदा शुद्ध देसी मुर्गा इनाम में दिया गया।

**इनाम का अनोखा ऐलान :** देवरिया के पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इस लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट में कई टीमों ने हिस्सा लिया। मुकाबले पूरे जोश और जुनून के साथ खेले गए। जब पुरस्कार वितरण का वक्त आया तो



दर्शकों को लगा कि अब ट्रॉफी या कैश प्राइज दिया जाएगा, लेकिन जैसे ही मैन ऑफ द मैच का नाम पुकारा गया, मंच पर एक तंदुरुस्त देसी मुर्गा लाया गया। खिलाड़ी को वही मुर्गा इनाम में थमा दिया गया। यह नजारा देखते ही मैदान में हंसी, तालियों और हैरानी का माहौल बन गया।

### देसी अंदाज ने जीता दिल

मुर्गा भी बिल्कुल फुर्तीला और ताजा दिख रहा था। खिलाड़ी खुद मुस्कुरा उठा और दर्शकों ने इस लम्हे को मोबाइल में कैद कर लिया।आयोजकों का कहना है कि यह देसी अंदाज में खेल को यादगार बनाने की कोशिश थी। उनका मानना है कि गांव के खेल में स्थानीय संस्कृति की झलक भी होनी चाहिए।

# 45 साल से 150 पिन मुंह में दबाए घूम रहा है सतना का ये शख्स

**सतना।** कहते हैं शौक बड़ी चीज है।..दुनियाभर में शौकीनों की कमी नहीं है, लेकिन आज हम आपको जिन शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उनके शौक सुनकर अच्छे-अच्छों के पसीने छूट जाएं. मध्य प्रदेश के सतना जिले के रहने वाले संजय विश्वकर्मा किसी अजूबे से कम नहीं हैं। 12 साल की उम्र में पान खाते वक्त दांतों में फंसी सुपारी निकालने के लिए



उन्होंने पिन का इस्तेमाल शुरू किया और धीरे-धीरे यह आदत बन गई। साल दर साल पिनों की संख्या बढ़ती चली गई। पिछले 45 सालों से वह अपने मुंह में लोहे और पीतल की नुकीली पिनों का जखीरा लेकर घूम रहे हैं।

संजय बताते हैं कि उन्होंने कभी पिन खरीदी नहीं, बल्कि कपड़े की दुकानों, दफ्तरों और आसपास से पिन उठाकर जमा करते रहे। आज उनके पास स्टील, पीतल और लोहे की सैकड़ों पिनों का कलेक्शन है। यही आदत अब उनकी पहचान बन चुकी है और लोग उन्हें इसी वजह से जानते हैं।

### बचपन से शुरू हुआ अजीबोगरीब शौक

आम इंसान के मुंह में अगर छोटी सी फांस भी फंस जाए तो परेशान हो जाता है, लेकिन संजय आराम से खाते-पीते, बात करते और सोते हैं। हैरत की बात यह है कि पिन होने के बावजूद उनके मुंह में न कोई घाव है, न इंफेक्शन। जब मीडिया उन्हें जबलपुर के अस्पताल लेकर पहुंची तो डॉक्टर भी चौंक गए। रिपोर्ट में सामने आया कि पान खाने वाली साइड पर दांत जरूर घिसे हैं, लेकिन जहां पिन रहती हैं वहां सब सुरक्षित है।
















| PARAMETER | VICTORIS S-CNG | COMPETITION MID SUV DIESEL | BENEFIT OF VICTORIS S-CNG OVER DIESEL CARS |
|---|---|---|---|
| Running Cost/km | ₹4.9 | ~ ₹6.1 | ✓ More savings per km |
| Lower Maintenance Cost | ✓ | ✗ | ✓ Easy on pocket |
| Reduced Emission | ✓ | ✗ | ✓ Good for environment |
| Recovery Period# | ~5.5 Yrs | ~8.9 Yrs | ✓ Faster recovery |

LOYALTY REWARD OF UP TO ₹30 000 ON EXCHANGE OF MARUTI SUZUKI CARS**
SCAN AND CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM
CONTACT US AT 1800-102-1800

Applicable T&C available at your nearest dealership. Creative visualization. Car colour may vary due to printing on paper. Images used are for illustration purposes only. Features may vary by model/conditions. For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the Owner's Manual. #Considered average daily drive of 35 km. Fuel Cost calculation done basis fuel prices in Goa as of 11th Feb 2026 and considered 70% delivery of ARAI tested Mileage. **The loyalty reward scheme is subject to terms and conditions. For more details visit authorised dealership. The offer is valid only on Victoris. *As certified by Test Agency under Rule 115 (G) of Central Motor Vehicles Rules 1989.

VICTORIS

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com